RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www.bordernewsmirror.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर



"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 6 , अंकः351, शुक्रवार, 6 फरवरी 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


वार्ड संख्या 22 में सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का महापौर द्वारा किया गया निरीक्षण 03


चंपारण में सपनों की उड़ानः एक युवा उद्यमी की संघर्ष गाथा 04

तू या मैं में मेरा किरदार साइड रोल नहीं, कहानी की मजबुत कड़ी है... 07

## यूपी पंचायत चुनाव से पहले योगी का मिशन विलेज

- खुशियों से भरेगी महिलाओं की झोली,हो गई है तैयारी



लखनऊ (एजेंसी)। यूपी में पंचायत चुनाव से पहले गांवों पर प्रदेश की योगी सरकार मेहरबान है। सीएम योगी के मिशान विलेज के तरहत ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल शुरू की गई है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से अब प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं शहद बनाने के काम यानी मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में उतरेंगी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आय के नए स्रोत पैदा करना और महिलाओं को सीधे तौर पर उद्यमिता से जोड़ना है। योजना के तहत राज्य सरकार ने अगले तीन वर्षों में एक लाख महिला मधुमक्खी पालक तैयार करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इस पहल के माध्यम से प्रत्येक महिला उद्यमी की वार्षिक आय में लगभग एक लाख रुपये तक की वृद्धि होने की संभावना है। महिलाओं को इस क्षेत्र में कुशल बनाने के लिए सरकार प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और बाजार से सीधा जुड़ाव सुनिश्चित करेगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नकदी का प्रवाह बढ़ेगा और महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाएंगी। मुख्यमंत्री के विजन के अनुसार, यूपी का शहद अब स्थानीय बाजारों तक सीमित नहीं रहेगा। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अब अपना खुद का शहद ब्रांड लॉन्च करेंगी। सरकार की योजना इन उत्पादों की ब्रांडिंग वैश्विक मंचों पर करने की है, ताकि प्रदेश का शहद देश-दुनिया में गुणवत्ता और शुद्धता की नई पहचान बना सके।

## जल्द ही बुलेट ट्रेनों के निर्माण में आत्मनिर्भर होगा भारत

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में कहा कि भारत जल्द ही बुलेट ट्रेनों के निर्माण में 100 फीसदी आत्मनिर्भर होगा। उन्होंने कहा कि नए बजट में घोषित सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर में स्वदेशी तकनीकों का उपयोग किया जाएगा और भारत के पास जल्द ही अपनी बुलेट ट्रेन होगी। यह बातें मंत्री ने एक इंटरव्यू में कहीं। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे ने हाई-स्पीड रेल प्रणालियों की जटिलताओं को पूरी तरह से समझ लिया है और उन्हें लागू करने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि भूमि अधिग्रहण इस परियोजना के लिए मुख्य चुनौतियों में से एक होगा और सभी राज्यों को इसका समर्थन करना चाहिए क्योंकि यही लोगों का हक और इच्छा है। बुलेट ट्रेन परियोजना के अगले चरण के लिए सात गलियारों को चुनने के पीछे क्या तर्क था। इस सवाल के जवाब में अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हाई-स्पीड रेल एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। इन सात कॉरिडोर में से हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु को हाई-स्पीड रेल का हीरा कहा जा सकता है। ये तीनों ही प्रमुख आर्थिक केंद्र हैं।



# सरकार बनते ही मणिपुर में शुरू हुआ बवाल

- कुकी समूहों ने दी चेतावनी, तीखा विरोध प्रदर्शन शुरू
- कहा-अगर कोई विधायक शामिल हुआ तो करेंगे विरोध

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में नई सरकार के गठन के साथ ही राज्य में एक बार फिर तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई है। लंबे समय से जारी राष्ट्रपति शासन के हटने और भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद कुकी समुदाय के संगठनों ने तीखा विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। बुधवार को भाजपा विधायक युमनाम खेमचंद सिंह ने मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। गौरतलब है कि एन.बीरेन सिंह के इस्तीफे और राज्य में महीनों तक चली जातीय हिंसा के बाद राष्ट्रपति शासन लागू था, जिसे अब हटा लिया गया है। नई सरकार के गठन, विशेष रूप से कुकी विधायकों की भागीदारी को लेकर कुकी समुदाय के संगठनों में भारी आक्रोश है। चुराचांदपुर



स्थित जनजातीय संगठन ज्वाइंट फोरम ऑफ सेवन ने शुक्रवार सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक कुकी-जो बहुल इलाकों में पूर्ण बंद का आह्वान किया है। संगठन ने मांग की है कि कुकी समुदाय के लिए एक अलग प्रशासन की व्यवस्था की जाए। कुकी जो काउंसिल और कई उग्रवादी समूहों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि समुदाय का कोई भी विधायक अगर अपनी मर्जी से सरकार में शामिल होता है, तो वह उसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। संगठनों ने चेतावनी दी है कि इस एकतरफा निर्णय के बाद पैदा होने वाले किसी भी परिणाम के लिए वे जिम्मेदार नहीं होंगे।

सरकार के शपथ ग्रहण के तुरंत बाद कांगपोकपी जिले के लीमाखोंग जैसे इलाकों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाकर और बांस लगाकर रास्ता जाम कर दिया। विशेष रूप से नेमचा किपजेन के उपमुख्यमंत्री बनने का विरोध किया जा रहा है। मणिपुर में जातीय हिंसा की शुरुआत 3 मई, 2023 को हुई थी।

## जनगणना शुरू होते ही नहीं पूछी जाएगी जाति

- जाति जनगणना के लिए अभी करना होगा इंतजार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की आगामी जनगणना को लेकर केंद्र सरकार ने संसद में बड़ी जानकारी दी है। सरकार ने साफ-साफ कहा है कि जनगणना की प्रक्रिया शुरू होती ही जाति जनगणना नहीं शुरू होगी। इसके लिए लोगों को दूसरे चरण का इंतजार करना पड़ेगा। राज्यसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि जाति से संबंधित सवालों को दूसरे चरण की शुरुआत से पहले अधिसूचित किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि देश में होने वाली जनगणना का काम दो हिस्सों में बांटा गया है।



# पीएम से सदन में न आने का आग्रह मैंने खुद किया

- बिरला बोले-कांग्रेस के कई सदस्य अप्रिय घटना कर सकते थे

### महिला सांसदों के घेरे पर स्पीकर ओम बिरला का बड़ा बयान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि कल सदन में कांग्रेस के कई नेता सदन के नेता के आसन के पास पहुंचकर किसी अप्रत्याशित घटना को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए उनके अनुरोध पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदन में नहीं आए। बिरला ने यह भी कहा कि बुधवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों ने उनके चैंबर में आकर जिस तरह का व्यवहार किया, वैसा लोकसभा की शुरुआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुआ और यह दृश्य एक 'काले धब्बे' की तरह था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा, इस सदन में बुधवार को कुछ सदस्यों ने जिस प्रकार का व्यवहार किया, वो लोकसभा की शुरुआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, कि आज तक इतिहास रहा है कि राजनीतिक मतभेदों को आज तक सदन के कार्यालय तक नहीं लाया गया है।

### सांसदों का आचरण हमारी संसदीय परंपराओं के खिलाफ

लोकसभा अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, विपक्ष के सदस्यों ने अध्यक्ष के कार्यालय में जो व्यवहार किया। वह हमारी संसदीय परंपराओं के लिए अनुचित था। वह पल एक काले धब्बे की तरह था। हम सबको सदन सुचारु रूप से चलाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, कि पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अधिभाषण का जवाब देना था तो मेरे पास पुख्ता जानकारी आई कि कांग्रेस पार्टी के कई सदस्य प्रधानमंत्री के आसन तक पहुंचकर कोई भी अप्रत्याशित घटना कर सकते थे। अगर यह घटना हो जाती तो यह अत्यंत अप्रिय है। यह देश के लोकतांत्रिक परंपराओं को तार-तार कर देता। इस घटना को टालने के लिए मैंने पीएम मोदी से आग्रह किया कि उन्हें सदन में नहीं आना चाहिए।

## दुनिया के 9 बड़े देशों के साथ हुई ट्रेड डील

- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोले पीएम मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। पीएम मोदी ने भाषण की शुरुआत में पीएम मोदी ने विकसित भारत की यात्रा का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण का जिक्र करते हुए कहा कि राष्ट्रपति के भाषण में देश के विकास का स्वर संसद में गूंजा है। उन्होंने कहा कि देश का समर्थ कैसे आगे बढ़ रहे हैं इसकी चर्चा राष्ट्रपति के भाषण में हुई है। उन्होंने कहा कि 21वी सदी का पहला क्वार्टर पूरा हो चुकी है। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत की निर्माण की दिशा में दूसरा क्वार्टर भी उतना ही सामर्थवान होने वाला है।

**● चुनौतियों का समाधान देने वाला देश-** पीएम मोदी ने कहा कि शक्ति का आशीर्वाद हमारे साथ है। भारत आज विश्व में चुनौतियों का समाधान देने वाले देश और आशा की किरण बना हुआ है। उन्होंने कहा कि हम समाधान दे रहे हैं। पीएम ने कहा कि भारत का ग्रोथ बहुत हाई है। यह हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती को प्रदर्शित करता है। पीएम ने कहा कि हम जिस गति से आगे बढ़ रहे हैं, आज हम दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने की तरफ बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सांइस, स्पेस, स्पोर्ट्स हर क्षेत्र में भारत आज आत्मविश्वास से भरा हुआ है। दुनिया आज नए ग्लोबल ऑर्डर की तरफ बढ़ रहा है।

## 10.90 किलो चरस मामले में आरोपी को पटना हाईकोर्ट से जमानत

**मोतिहारी/पटना।** पटना हाईकोर्ट ने रक्सौल थाना कांड संख्या 332/2024 से जुड़े एनडीपीएस मामले में आरोपी अंकेश कुमार को जमानत दे दी है। यह आदेश माननीय न्यायमूर्ति चंद्रशेखर झा की एकल पीठ द्वारा 5 फरवरी 2026 को पारित किया गया। मामले में आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 20(b)(ii)(C), 25 एवं 29 के तहत आरोप लगाए गए थे। एफआईआर के अनुसार, सह-आरोपियों के साथ मिलकर 10.90 किलोग्राम चरस रखने का आरोप है। आरोपी 15 सितंबर 2024 से न्यायिक हिरासत में था। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने दलील दी कि कथित बरामदगी आरोपी के प्रत्यक्ष कब्जे से नहीं हुई थी, बल्कि सड़क जैसे खुले स्थान से की गई थी। आरोपी को संदेह के आधार पर मामले में फंसाया गया है तथा उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। बचाव पक्ष ने यह भी बताया कि सह-आरोपी शैलेन्द्र कुमार को पहले ही जमानत मिल चुकी है, इसलिए न्यायिक




समानता के आधार पर आरोपी भी जमानत का हकदार है। पेटीशनर के अधिवक्ता विकास कुमार पंकज ने बताया कि उनके मुवक्किल को "प्लांटेड चरस" मामले में फंसाया गया है, जो ट्रायल के दौरान स्पष्ट होगा। कोर्ट को बताया गया कि जांच पूरी हो चुकी है और चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी को 10 हजार रुपये के जमानत मुचलके और समान राशि के दो जमानतदारों पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ ही निर्देश दिया कि आरोपी ट्रायल में सहयोग करेगा, अन्यथा जमानत रद्द की जा सकती है।

*मेघालय में अवैध कोयला खदान में हुआ धमाका*

# 16 लोगों की मौत, कई घायल

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** मेघालय के पूर्वी जंयतिया हिल्स जिले में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया है, यहां एक अवैध कोयला खदान में बड़ा धमाका हो गया, जिसमें कम से कम 16 लोगों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की खबर है। धमाके का कारण डायनामाइट का फटना बताया जा रहा है।

पुलिस ने घटनास्थल पर बचाव अभियान चलाने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) से सहायता मांगी है। इधर राज्य डीजीपी ने बताया कि अवैध कोयला



खदान में हुए विस्फोट में 16 मजदूरों की मौत हो गई, कई अन्य के फंसे होने की आशंका व्यक्त है।

### कहां हुआ ये धमाका?

मीडिया सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले के एक गांव में संदिग्ध अवैध कोयला खदान में धमाका हुआ है, इसमें एक व्यक्ति घायल हो गया है और खदान में कई मजदूर फंस गए हैं। पूर्वी जयंतिया हिल्स के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि यह घटना थांगस्कू इलाके में हुई। खदान में काम कर रहे सात लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं और एक व्यक्ति जो 70 प्रतिशत तक झुलस गया है, उसे इलाज के लिए राज्य की राजधानी शिलांग भेजा गया है। बचाव दल और अधिकारी अभी यह पुष्टि नहीं कर पा रहे हैं कि खदान के अंदर कितने और लोग फंसे हो सकते हैं।

## बेंगलुरु ने विमेंस प्रीमियर लीग दूसरी बार जीता

- दिल्ली लगातार चौथा फाइनल हारी
- मंधाना ने 87, जॉर्जिया ने 79 रन बनाए

**बडौदरा ।** वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में खेले गए विमेंस प्रीमियर लीग के फाईनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 19.4 ओवर में 4 विकेट खोकर 204 रन बनाकर फाईनल मेच जीत लिया। कप्तान स्मृति मंधाना 87 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें मिशेल हेनरी ने बोल्ड कर दिया। नंदनी शर्मा ने ऋचा घोष को आउट किया। वहीं, मिन्नू मणि ने जॉर्जिया वोल (54 गेंद पर 79 रन) को शेफाली वर्मा के हाथों कैच कराया और सेंचुरी पार्टनरशिप ब्रेक की। फिर अगले ओवर में ऋषा घोष को पवेलियन भेज दिया। ग्रेस हैरिस 9 रन बनाकर आउट हुईं। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने 204 रन का टारगेट दिया था। दिल्ली से कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्ज ने 37 बॉल पर 57 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके शामिल रहे। लौरा वोल्वार्ट 44 और शिनेल हेनरी 35 रन बनाकर नाबाद रहीं। लिजेल ली ने 37 और शेफाली वर्मा ने 20 रन बनाए। RCB से सयाली साटघरे, नदीन डी क्लर्क और अरुंधति रेड्डी ने एक-एक विकेट लिया। एक बैटर रन आउट हुईं।



### ममता बनर्जी पर चुनाव आयोग का आरोप,सुप्रीम कोर्ट से मांगी सुरक्षा

# बंगाल में एसआईआर के खिलाफ लोगों को भड़काती हैं सीएम

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को लेकर निर्वाचन आयोग (ईसीआई) और राज्य सरकार के बीच टकराव अब अपने चरम पर पहुंच गया है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में दायर एक तीखे हलफनामे में चुनाव आयोग ने बंगाल की स्थिति को असाधारण बताते हुए शीर्ष अदालत से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। आयोग ने आरोप लगाया कि राज्य में चुनाव अधिकारियों को व्यवस्थित तरीके से डराया-धमकाया जा रहा है और हिंसा का शिकार बनाया जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने अपने हलफनामे में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सार्वजनिक बयानों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। आयोग का




कहना है कि मुख्यमंत्री के भाषण भड़काऊ हैं, जिससे चुनाव अधिकारियों के खिलाफ नफरत और डर का माहौल बन रहा है। आयोग ने आरोप लगाया कि 14 जनवरी को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री ने हरि दास नामक एक माइक्रो-ऑब्जर्वर का नाम सार्वजनिक रूप से लिया, जिससे उस अधिकारी की सुरक्षा और निष्पक्षता खतरे में पड़ गई। हलफनामे के अनुसार, मुख्यमंत्री एसआईआर प्रक्रिया के बारे में भ्रामक जानकारी फैला रही हैं।

### ● आयोग ने इन घटनाओं का किया जिक्र

1. **मुर्शिदाबाद**-यहां के 9 माइक्रो-ऑब्जर्वर्स ने सामूहिक रूप से राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर काम करने से मना कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उपद्रवियों द्वारा उन पर जानलेवा हमले किए जा रहे हैं और सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं।
2. **उत्तर दिनाजपुर**- 15 जनवरी को करीब 700 लोगों की भीड़ ने उस स्थान पर हमला कर दिया जहां मतदाता सूची संशोधन का कार्य चल रहा था।
3. **पुलिस की निष्क्रियता**- चुनाव आयोग ने शिकायत की है कि बूथ लेवल अधिकारियों के साथ मारपीट होने पर भी राज्य पुलिस एफआईआर दर्ज करने में आनाकानी कर रही है। कई मामलों में जिला चुनाव अधिकारी के हस्तक्षेप के बाद ही कार्रवाई हुई।

### बंगाल चुनाव अधिकारी को मिली वाय+ सुरक्षा

आयोग ने बताया कि पश्चिम बंगाल की जमीनी स्थिति इतनी चिंताजनक है कि केंद्र सरकार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को वाय+ कैटेगरी की सुरक्षा देनी पड़ी है। पूरे देश में पश्चिम बंगाल इकलौता ऐसा राज्य है जहां चुनाव अधिकारी को इस स्तर की सुरक्षा प्रदान की गई है। आयोग ने अन्य राज्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां एसआईआर प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है, लेकिन बंगाल में राजनीतिक हस्तक्षेप और मशीनरी की विफलता ने संकट खड़ा कर दिया है। वहीं दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को खुद सुप्रीम कोर्ट में अपनी याचिका की पैरवी की। उन्होंने चुनाव आयोग के इरादों पर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल पश्चिम बंगाल में ही माइक्रो-ऑब्जर्वर्स की नियुक्ति क्यों की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत, परिवार ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया

**पटना।** पटना के बेउर में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। युवती की शादी दो महीने पहले ही धूमधाम से हुई थी। बुधवार को घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस ने ससुराल के कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। युवती के पिता भोला राय ने बताया कि उनकी बेटी निशा कुमारी (20) की शादी 20 नवंबर 2025 को गर्दनीबाग निवासी संतोष कुमार (24) से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के समय उन्होंने दामाद को लगभग 8 लाख रुपये नकद, सोने की चेन और ढाई लाख रुपये से अधिक का सामान दिया था। इसके बावजूद, संतोष कुमार लगातार एक गाड़ी की मांग कर रहे थे। भोला राय ने आरोप लगाया कि बुधवार को उन्हें बेटी की मौत की सूचना मिली। जब वे ससुराल पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि निशा कुमारी की गला दबाकर हत्या की गई थी और इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सुशील कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को बेउर थाना क्षेत्र के सिपारा बखानी मोहल्ले में एक नवविवाहिता द्वारा आत्महत्या करने की सूचना मिली थी, जिसके बाद एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया।



### परीक्षा केंद्र पर देर से पहुंचे शिक्षक को नो एंट्री, लोग बोले- परीक्षार्थियों को जब प्रवेश नहीं तो टीचर को क्यों ?

**हाजीपुर।** वैशाली के हाजीपुर स्थित सुखदेव मुखलाल कॉलेज के इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब परीक्षा के दौरान एक शिक्षक को निर्धारित समय से देर से पहुंचने पर केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने शिक्षक को केंद्र के गेट पर ही रोक लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, संबंधित शिक्षक परीक्षा शुरू होने के लगभग 10 से 15 मिनट बाद परीक्षा केंद्र पर पहुंचे थे। जैसे ही वह अंदर जाने का प्रयास करने लगे, वहां मौजूद लोगों ने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें प्रवेश से रोक दिया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें शिक्षक और स्थानीय लोगों के बीच सवाल-जवाब होते हुए देखा जा सकता है। स्थानीय लोगों का कहना था कि जब परीक्षार्थियों को एक मिनट की देरी पर भी परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाता और उनका पूरा साल खराब हो जाता है, तो परीक्षा संचालन से जुड़े शिक्षकों के लिए भी नियमों में कोई ढील नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नियम सभी के लिए समान होने चाहिए और किसी को भी विशेष छूट नहीं दी जानी चाहिए। घटना के दौरान लोगों द्वारा बार-बार पूछे जाने के बावजूद शिक्षक ने अपना नाम और पहचान बताने से इनकार कर दिया। काफी देर तक चली बहस के बाद वह बिना प्रवेश किए ही मौके से लौट गए। इस घटना को लेकर इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है और स्थानीय लोगों द्वारा नियमों के समान पालन की यह सख्त पहल सोशल मीडिया पर सराहना और बहस दोनों का विषय बनी हुई है।



### 5600 लीटर अंग्रेजी शराब-बीयर बरामद, ठेंगा डीह चंवर में छापेमारी, होली से पहले स्टॉक पर पुलिस का वार

**हाजीपुर।** वैशाली में जिले के करताहां थाना पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने थाना क्षेत्र के ठेंगा डीह गांव स्थित एक चंवर से लगभग 5600 लीटर अंग्रेजी शराब और बीयर जब्त की। बरामद शराब की कीमत का आकलन किया जा रहा है। विदित हो कि शराब कारोबार आगामी होली त्यौहार को देखते हुए शराब को बड़े पैमाने पर स्टॉक कर रहे थे। जिसके मंसूबों पर पुलिस ने पानी फेर दिया है। शराब माफिया होली त्यौहार को लेकर बेहद सक्रिय है। लेकिन पुलिस और शराब कारोबारी के बीच चूहे बिल्ली जैसा खेल चल रहा है। मानो जैसे तुम डाल- डाल, मैं पात- पात की कहानी एकदम फिट बैठ रही है। करताहां थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार आज़ाद ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर अवैध रूप से शराब छिपाकर रखी गई है। इसी सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब को थाने लाया गया है और मामले की आगे की जांच की जा रही है। पुलिस शराब तस्करों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।



### मारपीट में घायल नौवीं के छात्र की मौत, वैशाली के डीह बिचौली गांव में बच्चों के विवाद के बाद हमला

**हाजीपुर।** वैशाली के महिसौर थाना क्षेत्र के डीह बिचौली गांव में मारपीट के बाद नौवीं कक्षा के एक छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान 16 वर्षीय सुधीर कुमार के रूप में हुई है। सुधीर अपने पिता उदय महतो का इकलौता बेटा था। उसकी दो छोटी बहनें हैं। उदय महतो मजदूरी करते हैं। मृतक के चाचा बुधन कुमार ने बताया कि बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर पड़ोसी पवन महतो और उनके बेटे से झगड़ा हुआ था, जो बाद में शांत हो गया था। हालांकि, 30 जनवरी की सुबह जब सुधीर शौच के लिए घर से बाहर निकला और गांव में एक पुलिया पर बैठा था, तभी उसे लोहे की रॉड से पीटा गया।मारपीट के तुरंत बाद सुधीर बेहोश हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया। उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे पटना रेफर कर दिया गया। पटना के अस्पताल में डॉक्टरों ने ब्रेन के ऑपरेशन की बात कही, जिसके बाद परिजनों ने तुरंत ऑपरेशन करवाया ।ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने फीस जमा करवा ली और परिजनों को बताया कि सुधीर की मौत हो गई है। इस संबंध में महिसौर थाना अध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि मारपीट में घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया गया है। मारपीट मामले में 30 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सभी आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### लापता किशोर का शव गंगा नदी से बरामद

**पटना।** पटना जिले के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के रबाईच गांव निवासी किशोर अमित कुमार का शव गरुवार को गंगा नदी से बरामद किया गया। अमित पिछले चार दिनों से लापता था। जानकारी के अनुसार, अमित रविवार को अपने दोस्तों के साथ सबलपुर आया था। यहां सबलपुर के कुछ स्थानीय युवकों से उनका विवाद हो गया, जो जल्द ही झगड़े में बदल गया। झगड़े से बचने के लिए अमित और उसके दोस्त गंगा नदी की ओर भागे। आरोप है कि स्थानीय युवकों ने पीछा कर अमित और उसके दोस्तों को पकड़ लिया। इसके बाद नदी के पास उनके साथ मारपीट की गई। घटना की सूचना 112 नंबर पर दी गई। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही अमित को कथित तौर पर गंगा नदी में डुबो दिया गया। हालांकि, पुलिस ने गंगा किनारे से अमित के अन्य दोस्तों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद से नदी थाना की पुलिस और गोताखोरों की टीम लगातार गंगा नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। रुवार को सबलपुर स्थित भुखमरिया भट्टा के पास गंगा नदी के तट से अमित का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी प्रक्रिया पूरी की। नदी थाना के अपर थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एनएमसीएच भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। घटना में शामिल आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई जारी है।

# इंटर एग्जामः वैशाली में छात्र की कॉलर से मिली चिट

एजेंसी, पटना

बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा का आज गुरुवार को तीसरा दिन है। पहली पाली में फिजिक्स, जबकि दूसरी पाली में भूगोल (Geography) और बिजनेस स्टडीज की परीक्षा है। छात्रों को कड़ी जांच के बाद एंट्री दी गई। जूते बैन होने के कारण ठंड में स्टूडेंस चप्पल में एग्जाम देने पहुंचे। वैशाली में चेकिंग के दौरान एक छात्र के पास से चिट मिली। चीटिंग करते पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी। परीक्षा के लिए राज्यभर में 1,762 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें कुल 13,17,846 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जिनमें 6,75,844 छात्राएं और 6,42,002 छात्र हैं। यह परीक्षा 13 फरवरी तक चलेगी।

**अब तक 32 छात्र हो चुके हैं सस्पेंडः** बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा के पहले दो दिनों में अब तक कुल 32 परीक्षार्थियों को निष्कासित किया जा चुका है। पहले दिन की परीक्षा में 26 परीक्षार्थियों को कदाचार के आरोप में परीक्षा से बाहर किया गया। इसमें नवादा से सबसे अधिक 13 परीक्षार्थियों को बाहर किया गया। वहीं जहानाबाद और गोपालगंज से 3-3, मधेपुरा और भागलपुर से 2-2 परीक्षार्थियों को बाहर किया गया। इसके अलावा गया, अररिया और कटिहार से 1-1 परीक्षार्थी निष्कासित हुए। दूसरे दिन भी बोर्ड की सख्ती जारी रही। इस दौरान 6 परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया, जिनमें नवादा से 3, रोहतास से 2 और सीवान से 1 परीक्षार्थी शामिल हैं।

**100 अंक के पेपर में 50 सवाल ऑब्जेक्टिव होंगेः** बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड के अनुसार, हर साल में 50% क्वेश्चन ऑब्जेक्टिव होंगे। सब्जेक्टिव प्रश्नों में भी ऑप्शन दिए जाएंगे। उत्तर पुस्तिका और OMR शीट पर बारकोड भी रहेगा, जिससे जांच के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी की संभावना न के बराबर होगी। सभी परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र और OMR शीट समझने के लिए 15 मिनट का एक्स्ट्रा समय मिलेगा। इस दौरान उत्तर लिखना शुरू नहीं करना है, केवल प्रश्नों को पढ़ने और समझने की अनुमति होगी।

पटना-बगहा में चप्पल में पहुंचे स्टूडेंस



## नीट छात्रा रेप-मौत केस, शंभू गर्ल्स हॉस्टल का लाइसेंस होगा कैंसिल

एजेंसी, पटना



❑ डीजीपी विनय कुमार बोले- मैनेजमेंट ने की लापरवाही, उपमुख्यमंत्री ने जारी किए सख्त गाइडलाइंस


पटना नीट छात्रा रेप-मौत केस में शंभू गर्ल्स हॉस्टल का लाइसेंस कैंसिल होगा। साथ ही हॉस्टल की संचालिका पटना में कोई भी हॉस्टल रन नहीं कर पाएंगी। बिहार डीजीपी विनय कुमार ने कहा है कि गर्ल्स हॉस्टल मैनेजमेंट से बड़ी लापरवाही हुई है इसलिए उनपर एक्शन लिया जाएगा। वहीं सीबीआई के केस टेकओवर से पहले एसआईटी ने पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि परिजन केस दर्ज नहीं कराना चाहते थे। एसएसपी ने माना कि एक कपड़े पर स्पर्म मिला है। कदमकुआं के एसआई और चित्रगुप्तनगर थानेदार को निलंबित किया गया है। इधर, मृतका के परिजनों ने जांच पर सवाल उठाए। कहा कि एसआईटी लगातार बयान बदल रही है। सही जांच की बजाय परिवार पर आत्महत्या मानने का दबाव है। पोस्टमार्टम और एफएसएल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हुई है। परिजनों ने पूछा कि दवा से मौत हुई तो रेप किसने किया। दवा के पत्ते को उन्होंने पिता की दवा बताया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईजी जितेंद्र राणा ने बताया कि केस पॉक्सो एक्ट में दर्ज है। सरकार ने जांच सीबीआई को सौंप दी है। एसआईटी ने अब तक की रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को दी है। 9 जनवरी को परिजनों के बयान पर केस दर्ज हुआ था। छात्रा की उम्र 18 साल से कम थी। सभी बयानों की वीडियोग्राफी कराई गई है। मीडिया के सवालों पर अधिकारियों ने नो कमेंट कहा। परिजनों ने पूछा- दवा से मौत हुई तो रेप किसने किया नीट छात्रा मामले में एसआईटी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद पुलिस और परिजनों के बयान आमने-सामने आ गए हैं। केस दर्ज करने से लेकर दवा, रेप और जांच तक हर मामले पर आरोप और जवाब टकरा रहे हैं।

## बिहार के लड़के ने मुंबई में आत्महत्या की

एजेंसी, पटना

मोतिहारी के सौरभ ने 2 फरवरी को सल्फास खाकर मुंबई में आत्महत्या कर ली थी। मौके से सौरभ का एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने मां-पिता, पत्नी और अंकल के नाम का भी जिक्र किया है। सौरभ ने सुसाइड नोट में अपने परिवार से माफी मांगी है। यह घटना नवी मुंबई के न्यू पनवेल सेक्टर-7 स्थित कॉसमॉस को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी की है। सौरभ मिश्रा मोतिहारी जिले के सुगौली के रहने वाले थे। वे मुंबई की एक निजी कंपनी में काम करते थे और अपने माता-पिता के साथ पनवेल में रह रहे थे। 2 फरवरी को माता-पिता घर पर मौजूद नहीं थे और सौरभ अकेले थे।

इसी दौरान उन्होंने कीटनाशक (सल्फास) खाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह करीब 10 बजे जब माता-पिता घर लौटे तो उन्होंने सौरभ को बेहोशी की हालत में पाया। घबराहट में परिजन तुरंत उन्हें पनवेल उप-जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। प्रिय मम्मी-पापा, मैं जो कदम उठा रहा हूं, उसके लिए मुझे माफ कर दीजिए। शायद आप दोनों ने कभी कोई गलती नहीं की, लेकिन मैं कमजोर पड़ गया। इस उम्र में मुझे आप लोगों की सारी टेंशन दूर कर देनी चाहिए थी। मेरी वजह से आप दोनों बिना किसी गलती के इतनी परेशानी झेल रहे हैं। मुझसे यह अन्याय सहा नहीं जा रहा है। प्लीज अपना ख्याल रखिए और जल्दी सामान्य हो जाइएगा।



## पीके की जन सुराज का आरोप, कहा- महिलाओं को 10 हजार देना भ्रष्ट आचरण, आज सुनवाई

एजेंसी, पटना



प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और भ्रष्ट आचरण का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव को रद्द कर नए सिरे से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है। जन सुराज पार्टी की ओर से दायर रिट याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जायमॉल्या बागची की पीठ करेगी।

**आचार संहिता के दौरान महिलाओं को 10,000 रुपए देने का आरोपः** याचिका में आरोप लगाया गया है कि आचार संहिता लागू रहने के बावजूद राज्य सरकार ने महिलाओं को सीधे 10 हजार रुपए दिए। जन सुराज का कहना है कि यह कदम चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने वाला है। इसे भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। पार्टी ने इसे संविधान के अनुच्छेद 14, 21, 112, 202 और 324 का उल्लंघन बताया है।

**नए लाभार्थियों को जोड़ना और भुगतान को बताया अवैधः** जन सुराज ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत चुनाव अवधि में नए लाभार्थियों को जोड़ने और उन्हें भुगतान किए जाने पर भी आपत्ति जताई है। याचिका में कहा गया है कि आचार संहिता लागू रहने के दौरान किसी भी नई योजना का विस्तार या भुगतान अवैध है।

**निर्वाचन आयोग से कार्रवाई के निर्देश की मांगः** पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि निर्वाचन आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 (भ्रष्ट आचरण) के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाए। याचिका में कहा गया है कि 25 से 35 लाख महिला मतदाताओं को सीधे वित्तीय लाभ देना स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की भावना के खिलाफ है।

**जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं की तैनाती पर आपत्तिः** जन सुराज ने दोनों चरणों के मतदान के दौरान स्वयं सहायता समूह 'जीविका' से जुड़ी लगभग 1.8 लाख महिला लाभार्थियों की मतदान केंद्रों पर तैनाती को भी अवैध और अनुचित बताया है। पार्टी का दावा है कि इससे चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता प्रभावित हुई है।

**मुफ्त योजनाओं पर दिशानिर्देश बनाने की मांगः** याचिका में सुप्रीम कोर्ट से यह भी अनुरोध किया गया है कि वह एस. सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु राज्य (2013) मामले में दिए गए निर्देशों की तरह मुफ्त योजनाओं, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर व्यापक दिशा निर्देश तैयार करने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश दे।

## सैदपुर से गायघाट तक कवर्ड नाले का हो रहा निर्माण, रेलवे लाइन के नीचे से नाला बनाने के लिए एनओसी का इंतजार

एजेंसी, पटना

पटना में मानसून से पहले नालों के निर्माण में रफ्तार लाई जा रही है। बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बुडको) की ओर से इन नालों का निर्माण किया जा रहा है। सैदपुर से गायघाट तक कवर्ड नाला बनाया जाएगा। इसकी कुल लंबाई 5.6 किलोमीटर है, जिसमें 3.3 किलोमीटर कवर्ड और 2.3 किलोमीटर खुला होगा। सैदपुर से 500 मीटर दूरी तक पश्चिम की ओर नाला को डायवर्ट किया गया है। इस दिशा से लगभग 16 मीटर नाला और दोनों ओर की ढलाई दीवार बनाई गई है। पहाड़ी की ओर से त्रिलोक नगर तक नाला निर्माण हो चुका है।

**विभाग की ओर से नालों पर रोड निर्माण की मिली स्वीकृतिः** बुडको एमडी अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से पटना के अनकवर्ड नालों को कवर करके रोड निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इसमें राजीव नगर और आनंदपुरी नाले में तेजी से काम चल रहा है। सैदपुर नाले का भी काम प्रगति पर है। वहीं, बाकरगंज नाले का निर्माण पटना स्मार्ट सिटी की ओर से किया जा रहा है। बुडको इसकी कार्यकारी एजेंसी है। मानसून से पहले अशोक राजपथ तक के लेन को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



**रेलवे लाइन के नीचे से नाला बनाने के लिए NOC का इंतजारः** RMRI और NMCH के पीछे से होकर गायघाट तक सैदपुर नाला का निर्माण फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। पहाड़ी से लेकर त्रिलोक नगर तक बने नाला को उत्तर की ओर अगमकुआं रेलवे लाइन के समीप नीचे से निकालना है। रेलवे लाइन के नीचे से नाला बनाने के लिए रेल विभाग से अनुमति प्राप्त करने की विभागीय प्रक्रिया जारी है। नाला का भूतल नाव के आकार का 7 मीटर चौड़ा और 12 मीटर ऊंचा बनाया जा रहा है।

♦ मानसून से पहले पूरा करने का लक्ष्य

**180.99 करोड़ रुपए में कुर्जी नाले का होगा निर्माणः** कुर्जी नाले का निर्माण दीघा आशियाना रोड पर राजीव नगर ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन से कुर्जी ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन तक किया जा रहा है, जिसकी कुल लंबाई 4.26 किलोमीटर है। इस नाले पर सड़क निर्माण किया जाना है, जिसकी राशि 180.99 करोड़ रुपए प्रस्तावित है। इस नाला की संरचना बॉक्स ड्रेन होने की वजह से नाले के उपर निर्बाध यातायात के लिए फोर-लेन सड़क निर्माण के साथ-साथ स्ट्रीट लाइट को भी सम्मिलित किया गया है।

## बगहा, मधुबनी में घना कोहरा, 12 जिलों में अलर्ट

एजेंसी, पटना

बगहा और मधुबनी में गुरुवार सुबह घना कोहरा है, विजिबिलिटी 20 मीटर है। मौसम विभाग ने 12 जिलों में घना कोहरे का अलर्ट जारी किया है। सुबह और देर शाम धुंध के कारण विजिबिलिटी कम रह सकती है, जिससे वाहन चालकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक फिलहाल मौसम में किसी बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं। सुबह और शाम कनकनी बनी रहेगी, जबकि दिन में धूप निकलने से ठंड से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बीते 24 घंटे में राज्य के कई जिलों में घना कोहरा देखने को मिला। इस दौरान विजिबिलिटी करीब 100 मीटर तक रही। वहीं, 9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर राज्य का सबसे ठंडा जिला रहा। मौसम विभाग ने चेताया है कि बिहार समेत पूर्वी भारत में अगले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2-4C की गिरावट हो सकती है। इससे ठंड का असर फिर से तेज होने की संभावना है, खास कर के रात और सुबह के समय। अगले दो दिनों तक बिहार के अलग-अलग इलाकों में सुबह और रात के समय घने कोहरे की संभावना है। दिन में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवा और नमी की मौजूदगी में उत्तर बिहार के जिलों में घना कोहरा छा रहा है। यही वजह है कि सुबह के समय विजिबिलिटी 50 से 100 मीटर तक सिमट सकती है। वेदर एक्सपर्ट का कहना है कि फिलहाल कोई पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव नहीं है, इसलिए बारिश की संभावना नहीं है।



## पटना-गयाजी पैसेंजर ट्रेन 21 मार्च तक रद्द

एजेंसी, पटना

गयाजी जंक्शन पर यात्रियों को भविष्य में बेहतर और आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से मेजर री-डेवलपमेंट का कार्य शुरू हो गया है। इस कार्य के तहत प्लेटफॉर्म संख्या-2 और 3 पर 5 फरवरी से 21 मार्च तक 45 दिनों का मेगा ब्लॉक लिया गया है। इस ब्लॉक अवधि के दौरान रेल परिचालन को सुरक्षित और सुचारू बनाए रखने के लिए कई ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किए गए हैं। रेल प्रशासन के अनुसार, कुछ ट्रेनों को पूरी तरह रद्द किया गया है, जबकि कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्गों से चलाया जाएगा।

कुछ ट्रेनों का आंशिक समापन और आंशिक प्रारंभ भी किया गया है। ब्लॉक के कारण पटना-गयाजी-पटना पैसेंजर ट्रेन (53213/53214) को 5 फरवरी से 21 मार्च तक रद्द कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, पटना-भभुआ रोड और भभुआ रोड-पटना इंटरसिटी, बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस, गंगा-दामोदर एक्सप्रेस सहित कई प्रमुख ट्रेनें वैकल्पिक मार्गों से संचालित की जाएंगी। परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनों को आरा, सासाराम, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू), तिलैया, इस्लामपुर, फतुहा, पैमार और बंधुआ जैसे स्टेशनों से होकर गुजारा जाएगा। यह व्यवस्था गयाजी स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य के प्रभाव को कम करने के लिए की गई है।




## पटना नगर निगम बनाएगा जन-सुझावों से बजट

### निगम कार्यालय में दे सकते अपनी राय, शहर के विकास से जुड़े मुद्दे शामिल होंगे

एजेंसी, पटना

पटना नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक बजट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसको लेकर नगर निगम की ओर से आम नागरिकों से सुझाव मांगे गए थे, ताकि शहर के विकास से जुड़े मुद्दों को बजट में शामिल किया जा सके। पटना के नागरिक अपने सुझाव लिखित रूप में पटना नगर निगम कार्यालय में जमा करा जा सकते हैं। इसके अलावा ई-मेल या डाक से भी भेज सकते हैं। नागरिक pmclerkhasaction@gmail.com पर मेल कर सकते हैं।

**7 फरवरी को निगम बोर्ड की बैठकः** दूसरी ओर 7 फरवरी को निगम बोर्ड की बैठक है। नगर निगम अपनी आय बढ़ाने के लिए अब म्युनिसिपल बॉन्ड जारी करेगा। म्युनिसिपल बॉन्ड जारी करने वाला पटना नगर निगम राज्य का पहला नगर निकाय होगा। निगम ने एके कैपिटल को अपना मर्चेंट बैंकर नियुक्त किया है। यह एजेंसी बॉन्ड की संरचना, नियामक अनुपालन, वित्तीय परामर्श, निवेशकों के साथ समन्वय और निर्गम से जुड़ी सभी तकनीकी और प्रक्रियागत आवश्यकताओं में निगम को सहयोग देगी।



**निगम के आय-व्यय का आकलन होगाः** म्युनिसिपल बांड जारी करने से पहले संबंधित नगर निकायों की वित्तीय स्थिति और आय-व्यय की स्थिति का अध्ययन किया जाता है। राजस्व संरचना और ऋण चुकाने की क्षमता का भी स्वतंत्र मूल्यांकन होगा। सबकुछ बेहतर रहा तो इस दिशा में नगर निगम आगे बढ़ेगा। इससे पहले निगम बोर्ड की बैठक में इसको लेकर चर्चा होगी। बॉन्ड जारी करने के कई फायदे होंगे। नगर निगम को केंद्र या राज्य सरकार के अनुदान पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कामकाज में वित्तीय अनुशासन और जवाबदेही बढ़ेगी।

**बोर्ड बैठक कई एजेंडों पर चर्चा होगीः** बोर्ड बैठक कई एजेंडों पर चर्चा होगी। इसमें डोर-टू-डोर कचरा उठाव के लिए वाहन और उपकरणों की खरीद, प्रत्येक वार्ड में 1-1 करोड़ रुपए की योजना, 14 उच्च क्षमता वाले बोरिंग लगाना, विज्ञापन संशोधन विनिमय 2025 का प्रारूप, बिहार नगरपालिका संपत्ति कर प्रोत्साहन के लिए ब्याज और जुर्माना में छूट, पिछली कार्यवाही की संपुष्टि भी शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### खरीफ 2026-27 की तैयारी को लेकर उर्वरक कंपनियों के साथ बैठक, जीरो टॉलरेंस नीति के पालन का निर्देश



**बीएनएम @ मोतिहारी।** जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी खरीफ 2026-27 की तैयारी को लेकर आत्मा कार्यालय में उर्वरक कंपनियों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने तथा सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुपालन पर विस्तृत चर्चा हुई। जिला कृषि पदाधिकारी ने सभी कंपनियों के क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिया कि उर्वरक की बिक्री के साथ किसी भी अन्य उत्पाद को टैग कर नहीं बेचा जाए। साथ ही कंपनियां अपने गोदामों का जियो-टैग्ड फोटो कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई कंपनी किसी थोक उर्वरक विक्रेता को अन्य उत्पाद बेचना चाहती है, तो विक्रेता के लेटर पैड पर अन्य उत्पाद क्रय से संबंधित अनुरोध पत्र को मान्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस नीति का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा संबंधित कंपनी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में इंडोराम कंपनी के प्रतिनिधि अजीत पांडेय, इफको के शिवम सिंह, मैट्रिक्स फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के प्रवीण कुमार, चंबल फर्टिलाइजर्स के जय प्रकाश, ब्रह्मपुत्रा वैली कॉरपोरेशन लिमिटेड के अजीत सिंह, यारा कंपनी के राहुल कुमार और कोरोमंडल कंपनी के पाठक जी सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### डीआईजी हरकिशोर राय ने किया अरेराज पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण, लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे का निर्देश




**बीएनएम @ मोतिहारी।** चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय ने गुरुवार को अरेराज सर्किल पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के अभिलेखों, महत्वपूर्ण फाइलों और दस्तावेजों की गहन जांच की तथा लंबित मामलों की स्थिति की समीक्षा की। डीआईजी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मुकदमों के निष्पादन में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को लंबित मामलों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादित करने और आम जनता को त्वरित न्याय दिलाने पर विशेष जोर देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मियों से सीधे संवाद करते हुए अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने तथा जनता की शिकायतों के त्वरित निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा पुलिसिंग में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अरेराज डीएसपी रवि कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर पूर्णकाम समर्थ, राजू मिश्रा, प्रत्याशा कुमारी सहित विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष और पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### "टीचर्स ऑफ बिहार" राष्ट्रीय स्तर पर बना शिक्षकों के लिए प्रेरणा का मॉडल

**बीएनएम @ मोतिहारी।** प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका "टीचर्स ऑफ बिहार" समूह आज देशभर के शिक्षकों के लिए प्रेरणा का मॉडल बनकर उभरा है। यह पहल शिक्षकों को निरंतर सीखने, नवाचार अपनाने और आपसी सहयोग के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की भारतीय भाषा समिति के शैक्षिक समन्वयक डॉ. चंदन श्रीवास्तव ने कहा कि "टीचर्स ऑफ बिहार शिक्षकों को निरंतर सीखने, नवाचार अपनाने और आपसी सहयोग के माध्यम से सशक्त करने का उत्कृष्ट उदाहरण है।" उन्होंने कहा कि यह समूह जमीनी स्तर पर शिक्षकों की सहभागिता बढ़ाते हुए कक्षा-कक्ष तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के प्रभाव को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। डिजिटल माध्यमों का रचनात्मक उपयोग और शिक्षक-नेतृत्व आधारित कार्यशैली इसे एक आदर्श प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी के रूप में स्थापित करती है। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि "टीचर्स ऑफ बिहार ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब शिक्षक साझा लक्ष्य के साथ संगठित होकर कार्य करते हैं, तो शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।" उन्होंने कहा कि यह मंच शिक्षकों के व्यावसायिक विकास को गति देने के साथ नई शिक्षा नीति के अनुरूप नवाचार, शोध और अनुभव साझा करने की संस्कृति को भी मजबूत कर रहा है। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि "टीचर्स ऑफ बिहार" शिक्षक सशक्तिकरण, सहयोगात्मक अधिगम और शैक्षिक नवाचार का सशक्त उदाहरण बन चुका है, जिसकी पहचान अब राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो चुकी है और भविष्य में यह देश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिक्षा की दुनिया में सबसे दिलचस्प बात यह है कि असली बदलाव अक्सर किसी नीति दस्तावेज़ से नहीं, बल्कि शिक्षकों के छोटे-छोटे प्रयोगों और साझा अनुभवों से शुरू होता है — जैसे विज्ञान में बड़ी खोजें कभी-कभी छोटी प्रयोगशाला से जन्म लेती हैं।

# सुगौली फूलवरिया टोल प्लाजा पर बवाल, डंडों के साथ धमकाने का वीडियो वायरल

**सागर सूरज**

**मोतिहारी।** सुगौली थाना क्षेत्र के फूलवरिया टोल प्लाजा पर बुधवार को उस समय अफरा- तफरी मच गई जब कुछ लोग हाथों में डंडे लेकर और मुंह बांधकर टोल प्लाजा पहुंचे और कर्मचारियों को धमकाने लगे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

टोल प्लाजा संचालक एवं आसपास के स्थानीय लोगों का आरोप है कि वायरल वीडियो में दिख रहे लोग स्थानीय चिकित्सक डॉ. श्रवण कुमार और उनके साथ आए

कथित समर्थक हैं। आरोप है कि डॉ. श्रवण कुमार अपने लोगों के साथ टोल प्लाजा पर पहुंचे और कर्मचारियों को धमकाया।

बताया जा रहा है कि विवाद की जड़ फास्टैग से बार-बार पैसे कटने को लेकर है।

टोल संचालक के अनुसार, डॉ. श्रवण कुमार और उनके साथ आए लोग डंडों के साथ टोल प्लाजा पहुंचे और जान से मारने की धमकी दी।

वहीं, दूसरी ओर डॉ. श्रवण कुमार ने आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि उनका लोकल पास पहले से बना हुआ था, लेकिन टोल प्लाजा प्रबंधन द्वारा पास का रिन्यूअल नहीं किया जा रहा था। स्थानीय होने के कारण उन्हें बार-बार टोल से गुजरना पड़ता है,

जिससे उनके फास्टैग से पैसे कट रहे थे। इसी बात को लेकर टोल कर्मियों से विवाद हुआ।



डॉ. कुमार का यह भी आरोप है कि टोल कर्मियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और पहचान से इनकार किया, जिसके बाद वह घर गए और कुछ लोगों के साथ दोबारा टोल प्लाजा पहुंचे।

मामले की जानकारी मिलते ही मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर सदर डीएसपी दिलीप कुमार और प्रशिक्षु डीएसपी प्रियंका कुमारी द्वारा मामले की जांच कराई जा रही है।

एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा है कि वायरल वीडियो और दोनों पक्षों के बयान के आधार पर जांच की जा रही है, जांच पूरी होने के बाद आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ लोग लाठी-डंडों के साथ टोल प्लाजा पर पहुंचकर कर्मचारियों को धमकाते नजर आ रहे हैं, जिससे इलाके में तनाव का माहौल है।

## यूजीसी नेट में मीडिया विभाग के दो छात्र सफल

**बीएनएम @ मोतिहारी**

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में एक और उपलब्धि दर्ज की है। दिसंबर 2025 में आयोजित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में मीडिया अध्ययन विभाग के परास्नातक चौथे सेमेस्टर के दो छात्रों ने सफलता हासिल की है। मीडिया अध्ययन विभाग के छात्र अरमान अली ने असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए क्वालीफाई किया है, जबकि ऋषि राज ने पीएचडी में प्रवेश के लिए अर्हता प्राप्त की है। दोनों छात्रों की इस सफलता को विश्वविद्यालय और विभाग के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। मीडिया अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा



ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और विभाग द्वारा दिए गए निरंतर शैक्षणिक मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विभाग छात्रों को शोध और शिक्षण के लिए अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। विभाग के सहायक आचार्य डॉ. साकेत रमण, डॉ. परमात्मा



कुमार मिश्र, डॉ. सुनील दीपक घोडके, डॉ. उमा यादव और डॉ. मयंक भारद्वाज ने भी दोनों छात्रों को बधाई दी। इस मौके पर अरमान अली और ऋषि राज ने अपने गुरुजनों, अभिभावकों और विश्वविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सफलता से मीडिया अध्ययन विभाग सहित पूरे विश्वविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

## पुलिस मित्र के नाम पर ठगी मामले में तीन आरोपियों पर इनाम घोषित







**बीएनएम @ मोतिहारी**

पुलिस मित्र के नाम पर ठगी करने के मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अब मुख्य तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने इनाम की घोषणा की है। पुलिस ने इन आरोपियों की तस्वीर भी जारी की है। कोटवा थाना कांड संख्या-56/26 में वांछित अभियुक्त अशोक सम्राट, पिता साजन राम, निवासी सैदासपुर, जिला वैशाली पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। वहीं इसी कांड के दो अन्य अभियुक्तों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। इनमें राकेश कुमार उर्फ जितेंद्र, पिता मोहन प्रसाद, निवासी सहबाजपुर, थाना बिहटा, जिला पटना तथा धर्मेंद्र कुंवर, पिता हरि नारायण सिंह, निवासी शहबाजपुर, थाना उजियारपुर, जिला समस्तीपुर शामिल हैं। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि इन अभियुक्तों के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस पदाधिकारियों को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## वार्ड संख्या 22 में सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का महापौर द्वारा किया गया निरीक्षण

**बीएनएम @ मोतिहारी**

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या- 22 में स्थित बाजार समिति रोड पर नगर निगम द्वारा कराए जा रहे सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का महापौर प्रीति कुमारी तथा स्थानीय निगम पार्षद एहतेसामुल हक द्वारा निरीक्षण किया। उक्त निरीक्षण के क्रम में मोहन केडिया से पेट्रोल पम्प की ओर स्थित मुख्य नाले में कराए गए जीर्णोद्धार कार्य का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान भविष्य में जानपुल से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे पेवर ब्लॉक अधिष्ठापन कार्य कराए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त रेलवे लाइन के किनारे अमर रिज़ॉर्ट्स के बगल स्थित गली में नव निर्मित सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का भी महापौर द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कनीय अभियंता सौरभ राज सहित बड़ी संख्या में स्थानीय मुहल्लेवासी उपस्थित रहे।



क्षेत्रवासियों ने नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। उक्त सड़क एवं नाला निर्माण कार्य क्षेत्र के समग्र विकास, बेहतर जल निकासी व्यवस्था तथा आम नागरिकों की सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं उपस्थित निगम के स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड जमादार को वार्ड में जल निकासी की समस्या का समाधान सुनिश्चित करते हुए सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया।

## कैडेट एशियन तलवारबाजी प्रतियोगिता में भाग लेंगी केशर राज, जिलाधिकारी ने दी शुभकामनाएं




**बीएनएम @ मोतिहारी**

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में 18 से 27 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाली कैडेट एशियन तलवारबाजी (फेंसिंग) प्रतियोगिता में पूर्वी चम्पारण की केशर राज भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारतीय तलवारबाजी संघ ने उनका चयन कैडेट (अंडर-17) राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता 2025-26 में फॉयल स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया है।मोतिहारी निवासी केशर राज वर्तमान में खेलो इंडिया योजना के तहत पुणे स्थित आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण ले रही हैं और स्थानीय जीवन इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक हासिल किए हैं। वर्ष 2025 में उत्तराखंड में आयोजित एशिया कैडेट कप में भी उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया था।अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व केशर राज ने जिलाधिकारी से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। इस दौरान जिलाधिकारी ने उन्हें प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## एम.एस कॉलेज की छात्रा स्नेहा कुमारी ने यूजीसी-नेट जेआरएफ में रचा सफलता का कीर्तिमान

**बीएनएम @ मोतिहारी**

शहर के मुंशी सिंह महाविद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि स्नातकोत्तर हिंदी विभाग की मेधावी छात्रा स्नेहा कुमारी ने दिसंबर–जनवरी 2026 में आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित करते हुए जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) एवं असिस्टेंट प्रोफेसर—दोनों के लिए पात्रता प्राप्त की है। यूजीसी द्वारा इस प्रतिष्ठित परीक्षा का परिणाम 04 फरवरी 2026 को घोषित किया गया। स्नेहा कुमारी ने 300 अंकों की परीक्षा में 202 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा, परिश्रम और अकादमिक उत्कृष्टता का परिचय दिया है। वह अशोक सिंह एवं रेणु देवी की सुपुत्री हैं तथा नवादा, ग्राम पंचायत–मच्छरगाँवा, कोटवा, पूर्वी चम्पारण की निवासी हैं। उल्लेखनीय है कि यूजीसी-नेट जेआरएफ देश की सर्वाधिक प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक मानी जाती है,



जिसके माध्यम से शोध एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापन की योग्यता निर्धारित की जाती है। इस सफलता के उपरांत स्नेहा को पीएच.डी. में नामांकन के बाद शोध कार्य हेतु जेआरएफ के अंतर्गत प्रारंभिक दो वर्षों के लिए 37,000 प्रतिमाह तथा इसके बाद तीन वर्षों के लिए सीनियर रिसर्च फेलो (एस.आर.एफ.) के रूप में 41,000 प्रतिमाह की फेलोशिप सहित अन्य शैक्षणिक सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय स्नेहा कुमारी ने हिंदी विभाग के प्राध्यापकों डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय, डॉ. गौरव भारती, डॉ. मनोहर कुमार श्रीवास्तव एवं अपने माता-पिता को दिया है, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से यह सफलता संभव हो सकी।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक सहित हिंदी विभाग के समस्त शिक्षकों ने स्नेहा कुमारी को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल शैक्षणिक एवं शोधपूर्ण भविष्य की कामना की। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती द्वारा दी गई।

## चंपारण की माटी से उपजी सफलता की कहानी: 'मुनचून नमकीन' बना युवाओं के लिए प्रेरणा

**बीएनएम @ मोतिहारी**

पूर्वी चंपारण जिले के युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने वाली एक उल्लेखनीय पहल के रूप में विजय कुमार का नाम सामने आया है। श्री कुमार ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत सहयोग प्राप्त कर न केवल अपना उद्यम स्थापित किया, बल्कि स्थानीय युवाओं को नौकरी खोजने वाले से रोजगार देने वाला बनने का मार्ग भी दिखाया है। शुक्रवार को जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल द्वारा विजय कुमार की खाद्य प्रसंस्करण इकाई "मुनचून नमकीन" का भ्रमण किया गया। यह इकाई उनकी कड़ी मेहनत, लगन और उद्यमशील सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है। भ्रमण के दौरान श्री कुमार ने जिला पदाधिकारी को इकाई की संपूर्ण कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण तथा उत्पादन क्षमता की विस्तृत जानकारी दी। जिला प्रशासन द्वारा इकाई का गहन निरीक्षण करते हुए श्री कुमार के संघर्षपूर्ण सफर और सफलता की कहानी को नजदीक से समझा गया। श्री कुमार ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने निरंतर परिश्रम और सरकारी योजना के सहयोग से अपने सपने को साकार किया। छोटी शुरुआत से लेकर आज एक आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना तक की इस यात्रा में उन्होंने अत्याधुनिक मशीनरी का उपयोग कर गुणवत्तापूर्ण उत्पादन सुनिश्चित किया है। वर्तमान में "मुनचून नमकीन" इकाई में स्नैक्स, जेली, कटोरी टोमैटो तथा मुनचून फिंगर्स जैसे अनेक स्वादिष्ट एवं उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इस उद्यम के माध्यम से न केवल स्थानीय स्वाद को नई पहचान मिली है, बल्कि लगभग 10 स्थानीय परिवारों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी उपलब्ध कराया गया है। श्री कुमार का यह सफर रोजगार खोजने वाले से रोजगार देने वाले बनने का एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो यह सिद्ध करता है कि सही मार्गदर्शन, सरकारी सहयोग और सतत मेहनत से बड़ा परिवर्तन संभव है। जिला पदाधिकारी ने प्रशंसा करते हुए जिले के युवाओं से अपील की कि वे सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं तथा आधुनिक तकनीक का उपयोग कर स्वयं का रोजगार स्थापित करें। उन्होंने कहा कि विजय जैसे उद्यमी जिले के युवाओं के लिए सच्ची प्रेरणा हैं, जिन्होंने यह साबित कर दिखाया है कि स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन ऐसे सभी वर्तमान एवं भावी उद्यमियों को हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है। कोई भी उद्यमी अपनी समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र अथवा जिला पदाधिकारी के कार्यालय में संपर्क कर सकता है, जहां समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रयास किया जाएगा। यह कहानी केवल एक व्यावसायिक सफलता की नहीं, बल्कि उस अदम्य इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम की है, जिसने चंपारण की धरती पर एक नए सपने को जन्म दिया और उसे साकार कर दिखाया।

## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद त्वरित कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के विराट रामायण मंदिर, कैथवलिया के पास ट्रक चालक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को वायरल हुए वीडियो में कुछ लोग ट्रक चालक के साथ लाठी-डंडे से मारपीट और गाली-गलौज करते दिखाई दे रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद कल्याणपुर थाना पुलिस ने मामले का सत्यापन कराया। जांच में पता चला कि ट्रक चालक से पार्किंग के नाम पर रंगदारी की मांग की जा रही थी और मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल अच्छेलाल कुमार पासवान (पिता-देवलाल पासवान) तथा अशोक पासवान (पिता-स्व. हरी पासवान), दोनों निवासी कैथवलिया, थाना कल्याणपुर, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में थानाध्यक्ष विनीत कुमार, पु.अ.नि. चितरंजन कुमार, चौकीदार मनोज ठाकुर तथा कल्याणपुर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### रक्सौल में ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन की जन-जागरूकता सभा आयोजित

#### पटना कन्वेंशन में भागीदारी का आह्वान

**बीएनएम @मोतिहारी।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन (ECREU) की ओर से गुरुवार को रक्सौल रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे कर्मचारियों के बीच जन-जागरूकता सभा आयोजित की गई। सभा में नई श्रम नीति, निजीकरण तथा एनपीएस/यूपीएस के विरोध में 8 फरवरी 2026 को पटना में आयोजित होने वाले जन कन्वेंशन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। सभा की अध्यक्षता कामरेड एस.पी. साहू ने की, जबकि संचालन रत्नेश वर्मा ने किया। वक्ताओं ने केंद्र सरकार की मजदूर-विरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए पुरानी पेंशन योजना (OPS) की बहाली, निजीकरण पर रोक और नए लेबर कोड की वापसी की मांग उठाई। यूनियन नेताओं ने कहा कि पटना में आयोजित होने वाला जन कन्वेंशन ऐतिहासिक होगा, जिसमें पूर्व मध्य रेल जोन से बड़ी संख्या में रेलकर्मी शामिल होंगे। सभा में कर्मचारियों की स्थानीय और विभागीय समस्याओं को भी उठाया गया तथा उनके शीघ्र समाधान की मांग की गई।

### गढ़ देवी मंदिर से चोरी हुआ पीतल का मुकुट बरामद, जांच जारी

**बीएनएम @ तुरकौलिया।** थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध गढ़ देवी मंदिर से दो दिन पहले चोरी हुए पीतल के मुकुट को पुलिस ने मंदिर परिसर के पास से बरामद कर लिया है। मुकुट मंदिर के समीप पड़े होने की सूचना मिलते ही तुरकौलिया पुलिस मौके पर पहुंची और उसे सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों का मानना है कि पुलिस की लगातार दबिश के कारण चोरों ने चोरी किया गया मुकुट मंदिर के पास ही फेंक दिया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि चोरी की घटना को किसने अंजाम दिया और मुकुट वापस वहां कौन छोड़ गया। बताया जाता है कि दो दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने गढ़ देवी मंदिर से पीतल के 11 मुकुट चोरी कर लिए थे। घटना की सूचना मिलते ही सदर डीएसपी दिलीप कुमार स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की थी। वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया था, जिसने घटनास्थल की बारीकी से जांच की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को भी खंगाल रही है। प्रभारी थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने बताया कि बरामद पीतल के मुकुटों को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### निजी स्कूलों में दाखिले के लिए अब 15 फरवरी तक करें आवेदन

**बीएनएम @ पटना।** शिक्षा विभाग, बिहार ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों की कक्षा-1 में नामांकन के लिए आवेदन की समयसीमा बढ़ा दी है। अब अभिभावक ज्ञानदीप पोर्टल पर 15 फरवरी तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकेंगे, जो पहले 31 जनवरी तक ही निर्धारित थी। विभाग ने यह निर्णय अभिभावकों की सुविधा और अधिक से अधिक पात्र बच्चों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से लिया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, प्राप्त आवेदनों का सत्यापन 18 फरवरी तक किया जाएगा, जिसके बाद 23 फरवरी को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से विद्यालय आवंटित किए जाएंगे। चयनित बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया 24 फरवरी से शुरू होकर 10 मार्च तक चलेगी।यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को निजी शिक्षण संस्थानों में निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई है। विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेजों को सही तरीके से अपलोड करते हुए आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। विभाग का मानना है कि इस पारदर्शी प्रक्रिया से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और उनके अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा।

### ज्ञानदीप पोर्टल पर बढ़ा पंजीकरण का समय, 10 मार्च तक पूरा होगा कक्षा-1 में नामांकन




**बीएनएम @पटना।** शिक्षा विभाग, बिहार ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों की कक्षा-1 में नामांकन के लिए आवेदन की समयसीमा बढ़ा दी है। अब अभिभावक ज्ञानदीप पोर्टल पर 15 फरवरी तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकेंगे, जो पहले 31 जनवरी तक ही निर्धारित थी। विभाग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, प्राप्त आवेदनों का सत्यापन 18 फरवरी तक किया जाएगा, जिसके बाद 23 फरवरी को पारदर्शी ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से विद्यालयों का आवंटन होगा। चयनित बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया 24 फरवरी से शुरू होकर 10 मार्च तक चलेगी।यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पूरी प्रक्रिया डिजिटल और निष्पक्ष है, जिससे पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क शिक्षा का लाभ मिल सके। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे इस विस्तारित समयसीमा का लाभ उठाते हुए जल्द आवेदन करें, क्योंकि 15 फरवरी के बाद किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# चंपारण में सपनों की उड़ानः एक युवा उद्यमी की संघर्ष गाथा

बीएनएम @ मोतिहारी





पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में एक युवा उद्यमी की संघर्षपूर्ण सफलता की कहानी वर्तमान में जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है। यह कहानी है सिद्दीकी अनवर की, जिन्होंने अपने हुनर, मेहनत और सरकारी योजनाओं के सहयोग से न केवल अपना स्वरोजगार स्थापित किया, बल्कि पांच स्थानीय परिवारों को भी रोजगार का सहारा दिया है। सिद्दीकी अनवर के पास कपड़ों को डिजाइन करने का विशेष हुनर था और कुछ कर दिखाने का मजबूत संकल्प भी। हालांकि, पूंजी की कमी उनके सपनों के आड़े आ रही थी। इस चुनौती को पार करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त की और अपने सपने को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाया। कड़ी मेहनत और लगन के बल पर सिद्दीकी अनवर ने कोल्हरवा सिग्नल के पास अपनी गारमेंट इकाई "सिद्दीकी ड्रेस" की स्थापना की। डिजिटल युग की जरूरतों को समझते हुए उन्होंने आधुनिक मशीनों और तकनीक में निवेश किया, जिससे आकर्षक और उच्च गुणवत्ता वाले रेडीमेड गारमेंट्स का उत्पादन शुरू किया गया। शुरुआती दौर में बाजार में पहचान बनाना, गुणवत्ता बनाए रखना और समय पर आपूर्ति जैसी कई चुनौतियां सामने आईं, लेकिन सिद्दीकी अनवर ने धैर्य और परिश्रम के साथ हर कठिनाई का सामना किया। उनकी निरंतर मेहनत और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता ने धीरे-धीरे ग्राहकों का विश्वास जीत लिया। गुरुवार को जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल द्वारा उनकी इकाई का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी श्री जोरवाल ने सिद्दीकी अनवर की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सफलता चंपारण के युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने स्थानीय युवाओं से अपील की कि वे भी परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ें। वर्तमान में सिद्दीकी अनवर की इकाई में पांच स्थानीय लोग कार्यरत हैं, जो आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवारों का भरण-पोषण कर रहे हैं। जिला पदाधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि जिले के उद्यमी हर सोमवार और शुक्रवार को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला उद्योग केंद्र या जिला पदाधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। सिद्दीकी अनवर की यह सफलता गाथा केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि उन हजारों युवाओं के लिए संदेश है जो अपने हुनर को पहचान दिलाना चाहते हैं। यह कहानी प्रमाण है कि सरकारी योजनाओं का सही उपयोग, डिजिटल तकनीक का ज्ञान और अथक परिश्रम मिलकर किसी भी सपने को हकीकत में बदल सकते हैं।

## हरसिद्धि पहुंचा बाल विवाह मुक्त रथ अभियान, लोगों को किया गया जागरूक

बीएनएम @ हरसिद्धि




जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन की सहयोगी संस्था ग्राम नियोजन केन्द्र द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्त रथ अभियान के तहत गुरुवार को हरसिद्धि प्रखंड में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान रथ विभिन्न पंचायतों और गांवों में पहुंचकर ऑडियो-वीडियो माध्यम से ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। प्रखंड पहुंचने पर जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र यादव ने बाल विवाह मुक्त रथ का स्वागत किया और लोगों को बाल विवाह समाप्त करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास में बाधा बनता है, इसलिए इसे रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में ग्रामीणों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की जानकारी देते हुए बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका और 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह दंडनीय अपराध है। बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या प्रशासन को देने की अपील की गई। अभियान के अंत में लोगों को बाल विवाह नहीं करने और शिक्षा को बढ़ावा देने की शपथ दिलाई गई।

## फार्मर रजिस्ट्री अभियान की जांच को पहुंचे जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, किसानों ने बताई कागजात की समस्या



बीएनएम @ तुरकौलिया

2 से 6 फरवरी तक चल रहे विशेष फार्मर रजिस्ट्री अभियान की जांच के लिए जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अरुण कुमार चारगाहा पंचायत स्थित कैंप पहुंचे। उन्होंने कैंप में चल रहे पंजीकरण कार्य का जायजा लिया और मौजूद कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान किसान सलाहकार जुगल किशोर सिंह, सर्वे अमीन अमित कुमार और कार्यपालक सहायक मौजूद थे। इस दौरान किसानों ने अपने कागजात से जुड़ी समस्याएं भी अधिकारियों के सामने रखीं। किसानों ने बताया कि कई दस्तावेजों में त्रुटियां हैं — कहीं जमाबंदी उपलब्ध नहीं है तो कहीं कागजातों में मिसमैच की समस्या सामने आ रही है। अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया।

## ममता सरकार के शोषण की हुई हारः मंगल पांडेय

बीएनएम @ पटना



बिहार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री तथा पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने महंगाई भत्ते (DA) को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का जोरदार स्वागत किया है। उन्होंने इसे कर्मचारियों के धैर्य और हक की ऐतिहासिक जीत करार देते हुए कहा कि शीर्ष अदालत का फैसला न्याय की जीत है। पांडेय ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने वर्षों तक कर्मचारियों का दमन और शोषण किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को उनका जायज अधिकार देने के बजाय, सरकार ने उनके आंदोलन को दबाने के लिए पुलिसिया कार्रवाई और जनता के पैसे से महंगे वकीलों का सहारा लिया।मंगल पांडेय ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने यह साबित कर दिया है कि महंगाई भत्ता कोई "खैरात" नहीं, बल्कि कर्मचारियों का कानूनी और अटूट अधिकार है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी का यह दावा कि डीए अधिकार नहीं है, अब पूरी तरह गलत सिद्ध हो चुका है। बंगाल के सरकारी कर्मचारियों को बधाई देते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य की जनता और कर्मचारी आगामी विधानसभा चुनाव में इस अन्याय का करारा जवाब देंगे। यह फैसला उन सभी सत्ताओं के लिए एक कड़ा संदेश है जो श्रमिक हितों की अनदेखी करती हैं|

## सशस्त्र सीमा बल 65 वाहिनी ने मनाया विश्व कैंसर दिवस



बीएनएम @ बगहा

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर 65वीं वाहिनी एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) बेतिया के बगहा शिविर में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बल के जवानों और उनके परिजनों को कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूक करना और समय पर जांच के महत्व को समझाना था।कार्यशाला में डॉ. सतजीत नन्दकोल्यार ने कैंसर के कारण, शुरुआती लक्षण और उपचार की आधुनिक तकनीकों पर विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने जोर दिया कि यदि कैंसर की पहचान पहली अवस्था में हो जाए, तो इसका पूर्ण उपचार संभव है। वहीं, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेशमी नन्दकोल्यार ने महिलाओं में होने वाले विशिष्ट कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के प्रति सचेत किया। उन्होंने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा, नगर परिषद बगहा के प्रतिनिधि, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, बिहार पुलिस के नव प्रशिक्षु और एसएसबी के कार्मिक मौजूद रहे।

## दिव्यांग बुजुर्ग महिला को उपलब्ध कराया गया ट्राई साइकिल



बीएनएम @ अरेराज

अनुमंडल पदाधिकारी अंजली शर्मा के द्वारा गुरुवार को दिव्यांग बुजुर्ग महिला निधी कुमारी (लगभग 52 वर्ष), पिता बालेश्वर प्रसाद, ग्राम नागदाह वार्ड संख्या-02 को बुनियाद केंद्र के माध्यम से ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अंजली शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है और जरूरतमंद लोगों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे अपने दैनिक कार्य आसानी से कर सकें।

## 12 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल की तैयारी

» किसान और मजदूर संगठनों का बड़ा एलान

बीएनएम @ बेतिया




बेतिया में रिक्शा मजदूर सभा भवन में संयुक्त किसान मोर्चा, केंद्रीय ट्रेड यूनियनों तथा खेत मजदूर संगठनों के मंच द्वारा 12 फरवरी राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने हेतु जिला स्तरीय कन्वेंशन आयोजित किया गया। कन्वेंशन की अध्यक्षता किसान सभा के राधामोहन यादव, खेतिहर मजदूर यूनियन के प्रभुनाथ गुप्ता, अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के सुरेन्द्र प्रसाद, अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के मानती राम तथा सीटू के बी.के. नरुला की अध्यक्ष मंडली ने की। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए पश्चिम चम्पारण संयुक्त किसान मोर्चा के जिला संयोजक प्रभुराज नारायण राव ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी दबाव में आकर अमेरिकी कृषि उत्पादों पर शून्य प्रतिशत आयात शुल्क की अनुमति देकर किसानों के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रहा है, वहीं भारत सरकार झुककर फैसले ले रही है। संयुक्त किसान मोर्चा ने 4 से 11 फरवरी तक गांव-गांव जनसभा कर मोदी व ट्रम्प का पुतला जलाने तथा 12 फरवरी की आम हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कई किसान व मजदूर नेताओं ने भी संबोधन किया।

## मकसद किसी को वंचित करना नहीं, प्रक्रिया को सटीक बनाना हैः सुप्रीम कोर्ट

» सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग का पक्ष

बीएनएम @ पटना




सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) मामले की सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि उसका उद्देश्य किसी भी नागरिक को मतदान से रोकना नहीं, बल्कि मतदाता सूची को पूर्णतः कानूनी और विश्वसनीय बनाना है। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने अदालत को बताया कि यह प्रक्रिया केवल नागरिकता और उम्र की पुष्टि के लिए है, ताकि अयोग्य व्यक्ति सूची में शामिल न हों। आयोग ने जानकारी दी कि बिहार में आधार का उपयोग नहीं हुआ है, जबकि पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना और मालदा जैसे क्षेत्रों में सत्यापन तेज कर दिया गया है।चुनाव आयोग ने चुनावी टाइमलाइन साझा करते हुए बताया कि नई मतदाता सूची 14 तारीख को जारी की जाएगी और विधानसभा चुनाव मई में समय पर कराए जा सकते हैं। आयोग ने समयसीमा में लचीलापन दिखाते हुए इसे 20 तारीख तक बढ़ाने के संकेत भी दिए हैं। आयोग ने आश्वासन दिया कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम गलत तरीके से नहीं हटेगा और शिकायतों पर त्वरित सुधार किया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, आयोग का यह रुख लोकतांत्रिक व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# रणनीतिक शक्ति अभाव का शिकार

**आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा चुनौतियों के बरक्स राज्य को अलग ढंग से संगठित एवं सक्षम बनना होगा। साथ ही कॉरपोरेट सेक्टर को बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी। परंतु ऐसा कैसे और कब होगा, असल मुद्दा यह है। साल 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने माना है कि भारतीय रुपया बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच रणनीतिक शक्ति के अभाव का शिकार बना है। 2025 में रुपये की तुलना में डॉलर छह प्रतिशत महंगा हुआ। ऐसा उस समय हुआ, जब खुद डॉलर का भाव प्रमुख मुद्राओं (यूरो, येन, स्विस फ्रैंक आदि) के बास्केट की तुलना में करीब 11 फीसदी गिरा। केंद्र के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन की देखरेख में तैयार सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र में व्यापार लाभ और विदेश स्थित भारतीयों की तरफ से कमा कर भेजी गई रकम रुपये को सहारा देने में नाकाफी साबित हुए हैं। ये चालू खाता के घाटे की भरपाई नहीं कर पाए। जो देश ऐसे घाटे में हैं, उनकी मुद्राओं की कमजोरी खासकर भू-राजनीतिक बदलाव के दौर अधिक उभर कर सामने आई है। दूसरी तरफ जिन देशों ने मैनुफैक्चरिंग का मजबूत आधार तैयार किया, उनकी मुद्राएं स्थिर और मजबूत बनी हुई हैं। मगर इस बिंदु पर भारत की मौजूदा कमजोरी का ठोस जायजा पेश करने के बजाय रिपोर्ट अतीत की आड़ लेती मालूम पड़ी है। कहा है कि मैनुफैक्चरिंग में मजबूत देशों ने इसका आधार तब तैयार किया, जब परिस्थितियां अनुकूल थीं। यह मुद्दा प्रासंगिक है कि उस दौर में भारत ऐसा आधार तैयार करने से क्यों चूक गया। मगर यह प्रश्न भी उतना ही उचित है कि क्या उसका रोना रोते रहना समाधान है? यह अच्छी बात है कि रिपोर्ट में सरकार की भूमिका पर जोर दिया गया है। कहा गया है कि मौजूदा सवालों का जवाब ढूंढने के लिए राज्य को अलग ढंग से संगठित एवं सक्षम बनना होगा। साथ ही कॉरपोरेट सेक्टर को उसमें बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी। परंतु ऐसा कैसे और कब होगा, असल मुद्दा यह है। जिन भू-राजनीतिक बदलावों की बात की गई है, वे अब ठोस शक्ल ले रही हैं। मगर ऐसा होने के संकेत कई वर्षों से मिल रहे थे।**

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौताः मोदी नेतृत्व की वैश्विक दृढ़ता

**ललित गर्ग**

अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यापार के परिदृश्य में कोई भी समझौता केवल आंकड़ों या कर-प्रतिशतों तक सीमित नहीं होता, वह राष्ट्र की संप्रभुता, नेतृत्व की दृढ़ता और भविष्य की दिशा का भी संकेतक होता है। भारत और अमेरिका के बीच हालिया व्यापारिक सहमति, जिसके अंतर्गत प्रस्तावित 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है, इसी दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी घटना है। यह निर्णय केवल आर्थिक राहत नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन और भारत की बढ़ती सौदेबाजी क्षमता का प्रमाण है। यहां "देर आए, दुरुस्त आए" की कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है। जब अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर ऊँचे टैरिफ का दबाव बनाया गया था, तब यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था को अंततः झुकना पड़ेगा। वैश्विक व्यापार का हालिया इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि बड़ी शक्तियां अक्सर दबाव की राजनीति के माध्यम से अपने हित साधती हैं। किंतु फरवरी 2025 में आरंभ हुई इस व्यापारिक प्रक्रिया का फरवरी 2026 में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना यह दर्शाता है कि भारत ने न तो जल्दबाजी दिखाई और न ही अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किया। भारत ने समय लिया, परिस्थितियों का मूल्यांकन किया और अंततः संतुलित व सम्मानजनक परिणाम प्राप्त किया। 50 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की टैरिफ कटौती का तात्कालिक प्रभाव व्यापारिक जगत और शेयर बाजार में दिखाई दिया। निवेशकों का भरोसा लौटा, निर्यातकों को राहत मिली और बाजार में सकारात्मक संकेत उभरे। किंतु इस निर्णय का वास्तविक महत्व इससे कहीं अधिक व्यापक है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि भारत अब केवल नियमों का पालन करने वाला देश नहीं, बल्कि नियमों के निर्माण और पुनर्परिभाषा में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने वाला राष्ट्र बन चुका है। अमेरिका जैसी महाशक्ति का अपने रुख में नरमी लाना भारत की आर्थिक ताकत, रणनीतिक धैर्य और राजनीतिक आत्मविश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसमें संवाद है, पर दबाव के आगे समर्पण नहीं। चाहे वह रक्षा सहयोग हो, ऊर्जा सुरक्षा हो या व्यापारिक समझौते-हर क्षेत्र में भारत ने अपने हितों को केंद्र में रखते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया है। इस व्यापारिक डील में भी भारत ने बिना झुके, बिना रुके और बिना कमजोर पड़े अपनी शर्तें स्पष्ट रूप से रखीं। यही कारण है कि अंततः अमेरिका को अपने प्रस्तावों में संशोधन करना पड़ा। यह केवल एक व्यापारिक जीत नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता और नेतृत्व की दृढ़ता का उदाहरण है। इस समझौते से भारतीय उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में एक उन्नत स्थिति प्राप्त होगी। कम टैरिफ का अर्थ है कि भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे, उनकी पहुंच बढ़ेगी और "मेक इन इंडिया" को नया प्रोत्साहन मिलेगा। टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, कृषि-आधारित उत्पाद और उभरते तकनीकी क्षेत्र-सभी को इससे दीर्घकालिक लाभ होने की संभावना है। भारत अब केवल सस्ता श्रम या कच्चा माल उपलब्ध कराने वाला देश नहीं, बल्कि मूल्यवर्धित उत्पादन और नवाचार की दिशा में अग्रसर अर्थव्यवस्था बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसदीय दल की बैठक में जिस संयम और आत्मविश्वास के साथ भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को "निरंतर धैर्य का परिणाम" बताया, वह उनकी कूटनीतिक शैली का सार है। यह समझौता किसी अचानक हुए घटनाक्रम का नतीजा नहीं, बल्कि एक वर्ष तक चली रणनीतिक प्रतीक्षा, विकल्पों के विस्तार और संतुलित संवाद का परिणाम है। मोदी ने स्पष्ट संकेत दिया कि सरकार ने विपक्ष की आलोचनाओं और तात्कालिक दबावों के बावजूद धैर्य नहीं छोड़ा, क्योंकि वैश्विक व्यापार और भू-राजनीति में जल्दबाज़ी अक्सर महंगी पड़ती है। अमेरिका का झुकना किसी भावनात्मक मित्रता का परिणाम नहीं, बल्कि ठोस रणनीतिक विवशता का नतीजा है। बीते एक वर्ष में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसके पास विकल्प हैं-रूस के साथ ऊर्जा सहयोग, यूरोपीय संघ के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अपनी बढ़ती भूमिका। यदि वाशिंगटन भारत पर एकतरफा दबाव बनाए रखता, तो अमेरिकी कंपनियां दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बड़े बाजार से बाहर हो जातीं। ट्रंप द्वारा 500 अरब डॉलर के आयात, शून्य टैरिफ और रूसी तेल त्यागने जैसे नाटकीय दावे इसी दबाव की राजनीति का हिस्सा थे, जिन्हें भारत ने न तो सार्वजनिक टकराव का मुद्दा बनाया और न ही स्वीकारोक्ति दी। मोदी का इन पर मौन यह दर्शाता है कि भारत इस घटनाक्रम को अंतिम समझौते के रूप में नहीं, बल्कि दिशा-निर्धारण के रूप में देख रहा है। इसके विपरीत, भारतीय वपिक्ष इस पूरे प्रकरण में अपनी राजनीतिक अधीरता और रणनीतिक अपरिपक्वता को उजागर करता रहा। उसने टैरिफ को लेकर तात्कालिक लाभ-हानि की भाषा में सरकार को घेरने की कोशिश की, जबकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार वार्ताएं समय, धैर्य और बहुस्तरीय गणनाओं की मांग करती हैं। विपक्ष यह समझने में असफल रहा कि कूटनीति में कभी-कभी पीछे हटना नहीं, बल्कि प्रतीक्षा करना ही सबसे बड़ा कदम होता है। आज जब अमेरिका को अपना अड़ियल रुख छोड़ना पड़ा है और भारत फिर से वैश्विक प्रतिस्पर्धा की अग्रिम पंक्ति में खड़ा दिख रहा है, तब यह स्पष्ट है कि मोदी की नीति न केवल दबाव से मुक्त थी, बल्कि दूरदर्शी भी। यही नीति भारत को एक आत्मविश्वासी, प्रभावशाली और सौदे की शर्तें तय करने वाली शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है। इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि यह वैश्विक व्यापार में दबाव आधारित राजनीति के अंत का संकेत देता है। लंबे समय से बड़ी अर्थव्यवस्थाएं टैरिफ, प्रतिबंध और नीतिगत दबावों के माध्यम से छोटे या उभरते देशों को अपनी शर्तें मानने के लिए विवश करती रही हैं। भारत ने इस प्रवृत्ति को न केवल चुनौती दी, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि आत्मविश्वास, आर्थिक क्षमता और राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर किसी भी दबाव को संतुलित संवाद में बदला जा सकता है। भारत-अमेरिका संबंधों के संदर्भ में यह समझौता एक नए राजनीतिक आभामंडल के निर्माण का भी संकेत देता है। यह संबंध अब केवल रणनीतिक या सामरिक सहयोग तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि आर्थिक साझेदारी के एक नए स्तर की ओर बढ़ रहा है। इसका प्रभाव केवल इन दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक राजनीति में बहुध्रुवीय व्यवस्था को और अधिक मजबूती देगा। दुनिया धीरे-धीरे यह स्वीकार कर रही है कि भविष्य का नेतृत्व किसी एक शक्ति के हाथ में नहीं, बल्कि संतुलित साझेदारियों के माध्यम से उभरेगा, और भारत उसमें एक केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इस व्यापारिक प्रगति से मोदी सरकार की अंतरराष्ट्रीय साख में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह साख किसी प्रचार या दावे पर नहीं, बल्कि ठोस परिणामों पर आधारित है। भारत आज विश्व मंच पर एक ऐसे राष्ट्र के रूप में देखा जा रहा है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए वैश्विक स्थिरता और सहयोग में भी सकारात्मक भूमिका निभाता है। यही संतुलन उसे अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं से अलग पहचान देता है। महाशक्ति बनने की भारत की यात्रा भावनात्मक नारों पर नहीं, बल्कि आर्थिक आंकड़ों, रणनीतिक समझौतों और वैश्विक स्वीकार्यता पर आधारित है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, और इस प्रकार के व्यापारिक समझौते उस यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। यह स्पष्ट होता जा रहा है कि भारत को आगे बढ़ने से रोक पाना अब किसी के लिए आसान नहीं है। निश्चित तौर पर यह व्यापारिक समझौता भारत की परिपक्व कूटनीति और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यापार की दुनिया में कोई भी निर्णय केवल आर्थिक गणित नहीं होता, वह राष्ट्र की संप्रभुता, आत्मसम्मान और नेतृत्व की परिपक्वता का भी प्रमाण होता है। देर से लिया गया सही निर्णय, जल्दबाजी में किए गए गलत समझौतों से कहीं अधिक मूल्यवान होता है। भारत ने धैर्य रखा, आत्मसम्मान बनाए रखा और अंततः अपने हितों के अनुरूप परिणाम हासिल किया। निश्चित ही नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल सुरक्षित है, बल्कि आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर अग्रसर है और यह विश्वास ही उसे महाशक्ति बनने की उड़ान देता है।

# डर और अविश्वास के साये में बॉलीवुड सभ्य समाज की कसौटी पर सितारों की गिरती छवि

**कांतिलाल मांडोत**

भारतीय फिल्म उद्योग जिसे आमतौर पर ग्लैमर सफलता और सपनों की दुनिया के रूप में देखा जाता रहा है आज एक गहरे संकट के दौर से गुजर रहा है। हाल के वर्षों में लगातार सामने आ रही फायरिंग की घटनाएं धमकियां दुष्कर्म के आरोप और आपराधिक गिरोहों की दखलअंदाजी ने न केवल फिल्म इंडस्ट्री की सुरक्षा पर सवाल खड़े किए हैं बल्कि सभ्य समाज की सोच को भी झकझोर कर रख दिया है। यह केवल कुछ व्यक्तियों का मामला नहीं रह गया है बल्कि यह एक व्यापक सामाजिक चिंता का विषय बन चुका है। मुंबई जैसे महानगर में जहां देश की आर्थिक और सांस्कृतिक धड़कन बसती है वहां खुलेआम फायरिंग की घटनाएं होना अपने आप में गंभीर संकेत है। ओशिवारा फायरिंग मामला हो या रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई गोलियां यह घटनाएं यह बताती हैं कि अपराध का भय अब आम नागरिकों तक सीमित नहीं रहा बल्कि वह उन लोगों तक भी पहुंच गया है जिन्हें समाज प्रभावशाली और सुरक्षित मानता था। जब हीरो निर्देशक और निर्माता खुद असुरक्षित महसूस करने लगें तो आम जनता के मन में भय का स्तर स्वतः बढ़ जाता है। कमाल आर खान जैसे विवादित लेकिन चर्चित व्यक्ति का नाम फायरिंग मामले में आना और फिर जमानत मिलना कानून व्यवस्था और जांच प्रक्रिया पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। सभ्य समाज यह सोचने को मजबूर होता है कि क्या कानून सभी के लिए समान है। क्या प्रभाव और प्रसिद्धि जांच की दिशा को प्रभावित करती है। जब लाइसेंसी हथियारों से फायरिंग की बात सामने आती है तो यह चिंता और गहरी हो जाती है क्योंकि लाइसेंस सुरक्षा के लिए दिया जाता है भय फैलाने के लिए नहीं। दूसरी ओर संगठित अपराध और गैंग कल्चर का फिल्म इंडस्ट्री में प्रवेश एक खतरनाक संकेत है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग द्वारा खुलेआम जिम्मेदारी लेना और सोशल मीडिया पर धमकियां देना यह दर्शाता है कि अपराधी अब कानून से नहीं डरते। जब धमकी में यह कहा जाए कि अगली गोली छाती पर लगेगी तो यह केवल एक व्यक्ति को नहीं बल्कि पूरे समाज को डराने का प्रयास होता है। सभ्य समाज ऐसी घटनाओं को केवल सनसनी के रूप में नहीं देखता बल्कि इसे सामाजिक विघटन के संकेत के रूप में देखता है। फिल्म इंडस्ट्री हमेशा से समाज का आईना मानी जाती रही है। परंतु आज जब उसी इंडस्ट्री के सितारों पर दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोप लगते हैं तो यह आईना धुंधला हो जाता है। सभ्य समाज के लिए यह स्वीकार करना कठिन हो जाता है कि जिन चेहरों को वह आदर्श मानता रहा है वे नैतिक रूप से गिर सकते हैं। ऐसे आरोप केवल एक व्यक्ति की छवि को नहीं तोड़ते बल्कि लाखों प्रशंसकों की आस्था को भी चोट पहुंचाते हैं। दुष्कर्म के मामलों में सबसे बड़ी चिंता यह है कि पीड़िता को न्याय मिलेगा या नहीं। जब आरोपी एक बड़ा सितारा होता है तब समाज यह देखता है कि क्या सत्ता पैसा और प्रसिद्धि न्याय को दबा देंगे। यही कारण है कि ऐसे मामलों में जन आक्रोश अधिक होता है। सभ्य समाज चाहता है कि कानून बिना डर और दबाव के अपना काम करे। चाहे आरोपी कितना भी बड़ा नाम क्यों न हो। सलमान खान जैसे सुपरस्टार को धमकियां मिलना यह बताता है कि अपराधी मानसिकता अब खुलकर चुनौती दे रही है। यह केवल व्यक्तिगत सुरक्षा का मुद्दा नहीं है बल्कि यह राज्य की कानून व्यवस्था की परीक्षा है। जब एक अभिनेता को बार बार सुरक्षा घेरा बढ़ाना पड़े तो समाज यह सोचता है कि क्या आम आदमी सुरक्षित है। यह डर धीरे धीरे सामूहिक चिंता में बदल जाता है। इन घटनाओं का मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी गहरा है। युवा वर्ग जो फिल्मी सितारों को अपना आदर्श मानता है वह भ्रमित हो जाता है। एक ओर वही सितारे पर्दे पर न्याय और नैतिकता की बात करते हैं और दूसरी ओर वास्तविक जीवन में उन पर अपराध के आरोप लगते हैं। यह विरोधाभास युवाओं के नैतिक विकास को प्रभावित करता है। सभ्य समाज के लिए यह चिंता का विषय है कि आने वाली पीढ़ी किन मूल्यों से प्रेरित होगी। मीडिया की भूमिका भी इस पूरे परिदृश्य में महत्वपूर्ण है। कई बार सनसनीखेज रिपोर्टिंग मुद्दे की गंभीरता को कम कर देती है। फायरिंग और धमकियों को मनोरंजन की खबर की तरह पेश किया जाता है। इससे समाज में अपराध के प्रति संवेदनशीलता घटने का खतरा रहता है। सभ्य समाज चाहता है कि मीडिया जिम्मेदारी से रिपोर्ट करे ताकि सच सामने आए और न्याय की प्रक्रिया मजबूत हो। फिल्म इंडस्ट्री पर बढ़ते विवाद यह भी दिखाते हैं कि आंतरिक अनुशासन और पारदर्शिता की कमी है। यदि समय रहते आत्ममंथन नहीं किया गया तो यह संकट और गहराएगा। सभ्य समाज यह उम्मीद करता है कि इंडस्ट्री अपने भीतर सुधार करे और अपराध या अनैतिक आचरण के प्रति शून्य सहनशीलता अपनाए। आज स्थिति यह है कि फायरिंग धमकी और दुष्कर्म जैसे शब्द अब खबरों में आम हो गए हैं। यह सामान्यीकरण सबसे खतरनाक पहलू है। जब समाज किसी भी तरह के अपराध को सामान्य मानने लगे तो संवेदनशीलता समाप्त हो जाती है। सभ्य समाज इस प्रवृत्ति को स्वीकार नहीं कर सकता। वह चाहता है कि हर अपराध पर उतनी ही गंभीर प्रतिक्रिया हो जितनी पहली बार होती है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि बॉलीवुड में बढ़ते विवाद केवल फिल्म इंडस्ट्री की समस्या नहीं हैं बल्कि यह पूरे समाज का प्रतिबिंब हैं। यह हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि हमने सफलता प्रसिद्धि और शक्ति को किस तरह परिभाषित किया है। सभ्य समाज का दायित्व है कि वह सवाल पूछे और जवाब मांगे। केवल तभी यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि कला संस्कृति और कानून एक स्वस्थ दिशा में आगे बढ़ें।




**मेष राशि** : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने विचारों के साथ-साथ दूसरे लोगों के विचारों पर भी गौर देने की जरूरत है। आय के साधन बढ़ने के साथ-साथ खर्चों की भी अधिकता बनी रहेगी। बाहरी व्यक्तियों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ना होने दें। आज जीवनसाथी और परिवारजनों के साथ कुछ समय मनोरंजन में बिताएंगे।

**वृष राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप अपने संपर्क में आने आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे। विचारों में स्थिरता और दृढ़ता रहने से आप अपने कार्यों को अच्छी तरह कर पाएंगे। सामाजिक रुप से मान-प्रतिष्ठा बनी रहेगी। आज दूसरों के भरोसे अपने कार्यों को न छोड़ें, इसका असर आपके कार्यक्षेत्र में पड़ सकता है।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज किसी कंपनी से नए जॉब के लिए कॉल आ सकती है। साथ ही कम्प्यूटर कोर्स ज्वॉइन करना चाहते है तो आज का दिन शुभ है। आज जल्दबाजी की बजाए शांति और धैर्य पूर्ण तरीके से कामों को अंजाम देना आपके काम को ज्यादा सुगम बनाएगा। नजदीकी लोगों से मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

**कर्क राशिः** आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। अगर आज नए बिजनेस की शुरूआत करने की सोच रहें है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है। जीवनसाथी के सहयोग से आपको किसी बड़े काम में सफलता मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आज अपनी व्यावसायिक कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगे।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज उन चीजों को महत्व दें जो सच में आपके लिए महत्वपूर्ण हैं। आपको अपने दोस्तों और काम के बीच संतुलन बनाकर रखना होगा, जिससे आपको ज्यादा से ज्यादा काम करने का समय मिल सके। सोचा हुआ कार्य समय पर पूरा होने से आप अपने अंदर ऊर्जा और आत्मविश्वास महसूस करेंगे। संतान की किसी उपलब्धि से सुकून व खुशी महसूस होगी।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन खास रहेगा। आज रास्ते में जाते समय आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है, जिसका फायदा आपको भविष्य में अवश्य मिलेगा। असमंजस की स्थिति में परिवार वालों की सलाह लेना अच्छा रहेगा। इस समय मार्केटिंग संबंधी कार्यों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। दांपत्य जीवन सुखद और मधुरता पूर्ण रहेगा।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। किसी काम को करने में आज आपके सामने कठिनाइयां आएंगी, आप अपनी सूझ-बूझ से उनसे निपटने में सफल होंगे। आज समाज में आपको अपनी कार्यशीलता के लिए सम्मानित किया जा सकता है। साझेदारी संबंधी व्यापार की योजना बना रहे हैं तो उससे जुड़े सभी मामलों पर अच्छे से सोच-विचार कर लें।

**वृश्चिक राशिः** आज पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएंगे। आपके इस विचार को देखकर परिवार का मन उत्साह से भर जाएगा। साथ ही आज घर पर अपना मनपसंद खाना खा सकते है। किसी उलझन का समाधान मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। अपने व्यक्तिगत कार्यों में किसी और का हस्तक्षेप न होने दें।

**धनु राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। इस राशि के बिजनेसमैन आज किसी जरूरी काम से विदेश की यात्रा कर सकते है। यात्रा लाभदायक होगी। कारोबार में बहुत सावधानी रखने की जरूरत है। धैर्य और संयम से मुश्किल समय निकल जाएगा। साझेदारी के व्यवसाय में पारदर्शिता बनाए रखने से अच्छा रहेगा। इस राशि के प्रोफेशर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन राहत से भरा रहेगा। आर्थिक स्थिति में आज सुधार आएगा। समय का उचित सदुपयोग करें। सामाजिक गतिविधियों में आपके विचारों को विशेष प्राथमिकता मिलेगी। युवाओं का मन मुताबिक कार्य पूरा होने से सुकून मिलेगा। आज आपको जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार बदलने की जरूरत है।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन लेना आपके लिए सहायक रहेगा। किसी विदेशी कंपनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। घर का माहौल सुखद और शांतिपूर्ण बना रहेगा। किसी मित्र से मुलाकात होगी और पुरानी यादें ताजा होंगी।

**मीन राशिः**आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। बिजनेस में आपको फायदा मिलने वाला है। उधार दिया हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। दिन की शुरुआत कुछ व्यस्तता वाली रह सकती है लेकिन अंत में बेहतर परिणाम हासिल होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात लाभदायक रहेगी।

# ऑनलाइन गेमिंगः मनोरंजन से लत और लत से त्रासदी तक

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

गाजियाबाद में तीन सगी बहनों की सामूहिक आत्महत्या की खबर केवल एक अपराध समाचार नहीं है, बल्कि यह हमारे समय की सबसे भयावह सामाजिक सच्चाइयों में से एक का आईना है। नौवीं मंज़िल से कूदकर जान देने की यह घटना दिल दहला देने वाली है क्योंकि इसके पीछे कोई तात्कालिक झगड़ा, आर्थिक तंगी या पारिवारिक हिंसा नहीं बल्कि एक ऐसी अदृश्य दुनिया है, जो चुपचाप बच्चों के मन-मस्तिष्क पर कब्ज़ा कर रही है- ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम सचमुच अपने बच्चों की दुनिया को समझ पा रहे हैं या हम उन्हें मोबाइल स्क्रीन के हवाले कर निश्चिंत हो बैठे हैं। डिजिटल युग में तकनीक जीवन को आसान बनाने का माध्यम बनी है लेकिन उसी तकनीक का अनियंत्रित उपयोग अब समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। ऑनलाइन गेमिंग, जो कभी मनोरंजन, एकाग्रता और रणनीतिक सोच का साधन मानी जाती थी, आज कई मामलों में बच्चों और किशोरों के लिए मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विनाश का कारण बन रही है। खासकर कोरोना काल के बाद, जब ऑनलाइन शिक्षा और घर में बंद जीवन ने बच्चों को मोबाइल और इंटरनेट के और अधिक करीब कर दिया, तब से यह समस्या और गहराई है। ऑनलाइन गेम्स का मनोविज्ञान बेहद चालाकी से तैयार किया गया है। गेम डिज़ाइनर बच्चों की मानसिक संरचना को समझते हैं- इनाम, लेवल, रैंकिंग, वर्चुअल पहचान, और प्रतिस्पर्धा के ज़रिए उन्हें इस तरह बांधा जाता है कि वे बार-बार उसी दुनिया में लौटें। धीरे-धीरे खेल खेलना एक आदत बनता है, फिर ज़रूरत, और अंततः लत। यह लत शराब या नशे से कम खतरनाक नहीं होती क्योंकि इसमें शरीर नहीं, दिमाग़ जकड़ा जाता है। बच्चा वास्तविक दुनिया से कटने लगता है- उसे परिवार बोझ लगने लगता है, पढ़ाई व्यर्थ लगती है और जीवन के छोटे-छोटे सुख फीके पड़ जाते हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस लत के शिकार अधिकतर बच्चे और किशोर होते हैं- वही उम्र, जब व्यक्तित्व निर्माण होता है, भावनात्मक संतुलन विकसित होता है और जीवन को समझने की प्रक्रिया चल रही होती है। इस उम्र में यदि बच्चा आभासी दुनिया में जीने लगे, तो उसकी वास्तविक समस्याओं से जूझने की क्षमता कमजोर हो जाती है। हार-जीत, तनाव, असफलता और रिश्तों की जटिलता से निपटने के बजाय वह 'एस्केप' खोजने लगता है—और ऑनलाइन गेम्स उसे यह आसान पलायन उपलब्ध कराते हैं। गाजियाबाद की घटना में यह तथ्य और अधिक विचलित करता है कि बच्चियाँ दो साल से स्कूल नहीं जा रही थीं और मोबाइल की लत का ज़िक्र सामने आया है। यह सवाल उठता है कि क्या परिवार, स्कूल और समाज- तीनों स्तरों पर निगरानी और संवाद की कमी रही? आज के समय में बच्चों का स्कूल न जाना केवल शैक्षणिक समस्या नहीं बल्कि एक गहरी सामाजिक और मानसिक समस्या का संकेत है। स्कूल सिर्फ पढ़ाई की जगह नहीं होते बल्कि बच्चों के लिए सामाजिक संपर्क, भावनात्मक सहारा और संरचना प्रदान करते हैं। जब बच्चा इससे कट जाता है, तो वह अपने भीतर सिमटने लगता है। अक्सर अभिभावक यह मान लेते हैं कि बच्चा घर में है, मोबाइल हाथ में है, तो सुरक्षित है। यही सबसे बड़ा भ्रम है। मोबाइल आज केवल संचार का साधन नहीं, बल्कि एक पूरी दुनिया है—जिसमें अच्छा भी है और बेहद खतरनाक भी। अभिभावकों की व्यस्तता, आर्थिक दबाव और 'डिजिटल ही भविष्य है' जैसी सोच ने बच्चों को समय से पहले एक ऐसे संसार में धकेल दिया है, जिसे वे न समझ पाते हैं और न संभाल पाते हैं। माता-पिता और बच्चों के बीच संवाद का अभाव इस खतरे को और बढ़ा देता है। यह भी एक सच्चाई है कि भारतीय समाज में मानसिक स्वास्थ्य को अब भी गंभीरता से नहीं लिया जाता। बच्चे चुप हैं, अकेले हैं, चिड़चिड़े हैं या अपने कमरे में बंद रहते हैं तो इसे 'उम्र का असर' कहकर टाल दिया जाता है। आत्मघाती विचार, अवसाद और चिंता जैसे मुद्दों पर बात करना अब भी कई परिवारों में वर्जित माना जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि समय रहते की गई एक संवेदनशील बातचीत कई जिंदगियाँ बचा सकती है। ऑनलाइन गेमिंग के दुष्प्रभाव केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसके सामाजिक प्रभाव भी गंभीर हैं। अत्यधिक गेमिंग से बच्चों में हिंसक व्यवहार, आक्रामकता, सहानुभूति की कमी और सामाजिक रिश्तों से दूरी बढ़ती है। आभासी जीत उन्हें वास्तविक परिश्रम से दूर कर देती है। जब वास्तविक जीवन में चुनौतियाँ आती हैं, तो वे टूट जाते हैं, क्योंकि उन्होंने संघर्ष करना सीखा ही नहीं होता। यही टूटन कई बार आत्मघाती कदम का कारण बनती है। यह कहना भी उचित नहीं होगा कि हर ऑनलाइन गेम या हर तकनीकी का उपयोग बुरा है। समस्या तकनीक में नहीं, उसके अनियंत्रित और गैर-जिम्मेदार उपयोग में है। यदि बच्चे सीमित समय के लिए उम्र के अनुरूप और अभिभावकों की निगरानी में गेम खेलें तो यह मनोरंजन और सीख का साधन भी हो सकता है। लेकिन जब गेमिंग जीवन का केंद्र बन जाए, तो खतरे की घंटी बज जानी चाहिए। समाधान के स्तर पर हमें बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। सबसे पहली जिम्मेदारी परिवार की है। अभिभावकों को बच्चों के साथ समय बिताना होगा, उनके डिजिटल व्यवहार को समझना होगा और डर या दंड की बजाय संवाद का रास्ता अपनाना होगा। मोबाइल देना आसान है, लेकिन बच्चे का मन पढ़ना कठिन—और यही कठिन काम आज सबसे ज़रूरी है। बच्चों के लिए स्पष्ट डिजिटल नियम, स्क्रीन टाइम की सीमा और वैकल्पिक गतिविधियाँ—जैसे खेल, किताबें, कला और सामाजिक मेलजोल—अनिवार्य किए जाने चाहिए। स्कूलों की भूमिका भी बेहद अहम है। केवल पाठ्यक्रम पूरा करना पर्याप्त नहीं है। डिजिटल साक्षरता, मानसिक स्वास्थ्य, और ऑनलाइन खतरों पर नियमित कक्षाएँ और परामर्श सत्र होने चाहिए। शिक्षकों को यह प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए कि वे बच्चों के व्यवहार में आने वाले सूक्ष्म बदलावों को पहचान सकें। स्कूल और अभिभावकों के बीच निरंतर संवाद आज की आवश्यकता है। सरकार और नीति-निर्माताओं की जिम्मेदारी भी इससे कम नहीं है। बच्चों और किशोरों के लिए ऑनलाइन गेमिंग के स्पष्ट नियम, आयु-आधारित प्रतिबंध, चेतावनी संदेश और लत पैदा करने वाले डिज़ाइन पर नियंत्रण आवश्यक है। कई देशों में 'डिजिटल वेलबीइंग' को नीति का हिस्सा बनाया गया है—भारत को भी इस दिशा में गंभीर कदम उठाने होंगे।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# भारत और इंग्लैंड के बीच आज खेला जाएगा यूथ अंडर 19 विश्व कप क्रिकेट

**» दोपहर एक बजे से खेला जाएगा खिताबी मुकाबला**

**एजेंसी, हरारे**




भारत और इंग्लैंड की टीमें शुक्रवार को यहां यूथ अंडर 19 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेलने उतरेंगी। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराकर दसवीं बार फाइनल में प्रवेश किया जबकि इंग्लैंड टीम छठी बार फाइनल में पहुंची है। भारत और इंग्लैंड दोनो ही टीमों ने अपने-अपने सभी मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनायी है। भी अपने सभी मैच जीते हैं. दोनों टीमों के बीच फाइनल छह फरवरी को हरारे में भारतीय समय के मुताबिक दोपहर एक बजे से खेला जाएगा. आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत और इंग्लैंड की टीमों ने अब तक अंडर 19 में 55 यूथ एकदिवसीय मैच खेले हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 41 मुकाबलों में जीत हासिल की है। वहीं भाररीय टीम को 13 मुकाबलों में उसे हार मिली जबकि एक मैच का परिणान नहीं निकला।। दूसरी ओर इंग्लैंड को 13 मैचों में जीत मिली है। फाइनल में पहुंचने के बाद उत्साहित भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने कहा कि यहां पहुंचने का अहसास काफी अच्छा है। हमारे लिए विश्वकप कप फाइनल खेलना सुखद अनुभवी है। सभी प्रशंसकों से मेरी अपील है कि आप इसी प्रकार हमारा समर्थन करते रहें। हम फाइनल मैच में अपनी ओर से जीतने का पूरा प्रयास करेंगे। हम फाइनल मैच को केवल एक गेम की तरह ही रखेंगे। भारत ने जहां पहले सेमीफाइनल में आरोन जॉर्ज के 115 रनों की शतकीय पारी से अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया है। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 27 रन से हराकर फाइनल में जगह बनायी है। उनकी बल्लेबाजी लाइन-अप के साथ-साथ गेंदबाजी यूनिट भी लगातार अच्छा प्रदर्शन करती आई है। ऐसे में फाइनल में इंग्लैंड भारत को कड़ी चुनौती दे सकता है।

**भारतीय टीमः** आयुष म्हात्रे (कप्तान), आर.एस. अंबरीश, कनिष्क चौहान, डी. दीपेश, मोहम्मद एमान, एरॉन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, किशन कुमार सिंह, विहान मल्होत्रा, उदय मोहन, हेमिल पटेल, खिलान ए. पटेल, हर्षवर्धन सिंह, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी

**इंग्लैंड टीमः** थॉमस रेव (कप्तान), फरहान अहमद, रॉकी अलर्ट, बिल वीसन, बेन डॉकिन्स, कालेब फॉल्कनर, अली फारूक, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, ल्यूक हेंडरसन, मैनी लार्डन, बेन मेयर, जेम्स मीटो, जो मूर्स, सेबेस्टियन मॉर्गन

# एफआईएच पुरुष प्रो लीग 2025–26 राउरकेला चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच पुरुष प्रो लीग 2025–26 के राउरकेला चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट का यह चरण 10 से 15 फरवरी 2026 तक ओडिशा के राउरकेला स्थित बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। राउरकेला चरण में मेजबान भारत के साथ अर्जेंटीना और बेल्जियम जैसी मजबूत टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे घरेलू दर्शकों के सामने बेहद रोमांचक और उच्च स्तरीय मुकाबलों की उम्मीद की जा रही है। भारतीय टीम में अनुभव और युवा प्रतिभा का संतुलित मिश्रण देखने को मिलता है। टीम प्रबंधन ने सभी विभागों—गोलकीपिंग, डिफेंस, मिडफील्ड और फॉरवर्ड लाइन—में गहराई और संतुलन बनाए रखने पर खास ध्यान दिया है, ताकि प्रो लीग अभियान की घरेलू शुरुआत मजबूती से की जा सके। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी सूरज कारकेरा और पवन संभालेंगे। डिफेंस की कमान कप्तान हरमनप्रीत सिंह के हाथों में होगी। उनके साथ अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, सुमित, संजय और नीलम संजीप ज़ेस शामिल हैं, जो टीम को रक्षात्मक मजबूती और नेतृत्व प्रदान करेंगे। डिफेंस सूची में अमनदीप लकड़ा



का नाम भी शामिल है, जिन्होंने हाल ही में संपन्न पुरुष हीरो हॉकी इंडिया लीग 2025–26 में शानदार प्रदर्शन किया था और 'हीरो प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुने गए थे। मिडफील्ड में राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, नीलकांत शर्मा और रोसन कुजूर शामिल हैं। यह यूनिट अनुभव, नियंत्रण और रचनात्मकता का बेहतरीन संयोजन पेश करती है। ओडिशा के 21 वर्षीय रोसन कुजूर को पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। वह 2025 एफआईएच जूनियर वर्ल्ड कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय जूनियर टीम का हिस्सा थे और हीरो हॉकी इंडिया लीग में वेदांता कलिंगा लांसरस के खिताबी अभियान में भी अहम भूमिका निभा चुके हैं। फॉरवर्ड लाइन में अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लकड़ा, सेल्वम कार्थी, मनदीप सिंह, अराइजित सिंह हुंडल और आदित्य अर्जुन ललागे शामिल हैं, जिन पर गोल करने और आक्रामक बढ़त दिलाने की जिम्मेदारी होगी। टीम की घोषणा पर मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, "यह टीम अनुभव और युवा ऊर्जा का शानदार मिश्रण है। रोसन, मनमीत और अमनदीप जैसे युवा खिलाड़ियों के साथ सीनियर खिलाड़ियों की मौजूदगी हमें संतुलन देती है। बेल्जियम और अर्जेंटीना मजबूत टीमें हैं, लेकिन हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है।" घरेलू दर्शकों के जोशीले समर्थन के बीच भारतीय टीम राउरकेला चरण में शानदार प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। एफआईएच पुरुष प्रो लीग 2025–26 (राउरकेला चरण) के लिए भारत की 24 सदस्यीय टीम

**गोलकीपरः** सूरज कारकेरा, पवन।

**डिफेंडर्सः** अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित, संजय, नीलम संजीप ज़ेस, अमनदीप लकड़ा

**मिडफील्डर्सः** राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, नीलकांत शर्मा, रोसन कुजूर

**फॉरवड्र्सः**- अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लकड़ा, सेल्वम कार्थी, मनदीप सिंह, अराइजित सिंह हुंडल, आदित्य अर्जुन ललागे।

# टी20 विश्वकप में भारतीय टीम को ओस से रहना होगा सावधान : धोनी

**एजेंसी, रांची**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने कहा है कि भारतीय टीम अपनी ही धरती पर होने वाले टी20 विश्कवप में जीत की प्रबल दावेदार है। धोनी ने कहा कि टीम के पास वह सभी खूबियां हैं जो जीत के लिए चाहिये होती हैं। टीम के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। उसका क्षेत्ररक्षण अच्छा है। वह दबाव में भी जीत दर्ज करना जानती है। धोनी के अनुसार केवल एक चीज से उसे सावधान रहना होगा और वह है ओस। धोनी के अनुसार ओस एकदम से हालात बदल देती है। उन्होंने कहा, ' मुझे ओस नापसंद है। ओस बहुत सारी चीजों को बदल देती है। इसलिए जब मैं भी खेलता था तो मुझे ये बहुत डराती थी। जब भी ओस होती थी तो टॉस की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती थी। अगर हम कुछ बेस्ट टीमों के खिलाफ 10 मैच खेलें और स्थितियां एक जैसी हों तो हम उनमें से ज्यादातर बार विजेता रहेंगे।' टी20 क्रिकेट की अनिश्चितताओं का जिक्र करते हुए धोनी ने कहा, 'समस्या तब आती है जब आपके कुछ खिलाड़ियों का कोई दिन खराब हो और विपक्षी टीम में से किसी का वो शानदार दिन हो। और ये टी20 क्रिकेट में हो सकता है। ये लीग स्टेज में हो सकता है, नॉकआउट स्तर में हो सकता है और यही पर किस्मत की जरूरत होती है। कोई घायल नहीं होना चाहिए। जो भी भूमिका दी जाए, लोग टीम के लिए अपनी उस भूमिका को बखूबी निभाएं।' भारतीय टीम विश्वकप में अपने अभियान का आगाज शनिवार को मुंबई के वानखेड़े मैदान में अमेरिका के खिलाफ करेगी। टीम जबरदस्त फॉर्म में है और खिताब को बनाये रखने के लिए पूरे उत्साह के साथ उतरने जा रही है। वह टी20 में पिछले 9 द्विपक्षीय सीरीज से अजेय रही है। भारतीय टीम इस बार लगातार 9 द्विपक्षीय सीरीज जीतकर भी उत्साहित है और उसे जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव के पास है जो कप्तान बनने के बाद से ही बेहद सफल रहे हैं।

# संतोष ट्रॉफी में केरल ने पंजाब को 4-0 से रौंदा, फाइनल में सर्विसेज से होगी भिड़ंत

**एजेंसी, असम**

संतोष ट्रॉफी 2025-26 के सेमीफाइनल में केरल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब को 4-0 से करारी शिकस्त दी और फाइनल में जगह पक्की कर ली। यह मुकाबला गुरुवार को असम के धकुआखाना फुटबॉल स्टेडियम में खेला गया। अब संतोष ट्रॉफी 2025-26 का फाइनल मुकाबला केरल और सर्विसेज के बीच खेला जाएगा, जिसमें दोनों टीमें खिताब के लिए पूरी ताकत झोंकेंगी। केरल की जीत के नायक मुहम्मद रियास पीटी रहे, जिन्होंने मुकाबले के दोनों हाफ में एक-एक गोल दागा। उनके अलावा मुहम्मद अजसल और विकनेश एम ने भी एक-एक गोल कर टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। पूरे मैच में केरल का दबदबा साफ नजर आया और पंजाब की टीम को वापसी का कोई मौका नहीं मिला। इस जीत के साथ केरल ने लगभग दो दशक बाद लगातार दूसरी बार संतोष ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया है। अब खिताबी मुकाबले में केरल का सामना



सर्विसेज से होगा। इससे पहले दिन के पहले सेमीफाइनल में सर्विसेज ने सिलापाथार फुटबॉल स्टेडियम में रेलवे को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सर्विसेज की ओर से अभिषेक पवार ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मैच के दोनों हाफ में एक-एक गोल दागकर अपनी टीम को दो साल बाद फाइनल में पहुंचाया। पवार ने 30वें मिनट के तुरंत बाद शानदार हाफ-वॉली से पहला गोल किया, जबकि दूसरे हाफ में पेनल्टी पर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को जाल में पहुंचाया।

# ज़ाग्रेब रैंकिंग सीरीज़ कुश्तीः अमन सहरावत को रजत, सुजीत कलकल ने जीता स्वर्ण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ज़ाग्रेब में जारी रैंकिंग सीरीज़ कुश्ती टूर्नामेंट में भारत ने शानदार शुरुआत की है। पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं के पहले दिन बुधवार को भारत ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम करते हुए अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग सर्किट में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 61 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर भारत को दिन का पहला बड़ा परिणाम दिलाया। अमन ने शुरुआती दोनों मुकाबलों में दमदार तकनीकी जीत दर्ज की। उन्होंने पहले मुकाबले में जॉर्जिया के जियोर्गी गोनियाशविली को 10–0 से और दूसरे मुकाबले में ईरान के रज़ा मोमेनिजूजादेह को 12–2 से मात दी। हालांकि तीसरे दौर में अमन को अमेरिका के ऑस्टिन डी-सैंटो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जहां अमेरिकी पहलवान ने उन्हें 0–8 से फॉल के जरिए पराजित किया। भारत के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक सुजीत कलकल ने दिलाया। सुजीत ने पुरुषों के 65 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। उनकी इस जीत से भारतीय दल को टूर्नामेंट के शुरुआती दिन ही बड़ा मनोबल मिला और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग अंक भी हासिल हुए। 70 किग्रा भार वर्ग में अभिमन्यु मंडवाल ने कांस्य पदक जीतकर भारत की पदक तालिका को और मजबूत किया। अभिमन्यु



ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका के टायलर कासक को 10–0 से हराते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया। हालांकि सेमीफाइनल में उन्हें ईरान के सिना खलीली से 0–10 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में उन्होंने अमेरिका के इयान पार्कर को 6–3 से हराकर पदक पक्का किया। वहीं 86 किग्रा वर्ग में मुकुल दहिया कांस्य पदक से चूक गए। कांस्य पदक मुकाबले में उन्होंने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन ईरान के अली सवदकूही से 5–6 के करीबी अंतर से हार गए। कुल मिलाकर ज़ाग्रेब रैंकिंग सीरीज़ के पहले दिन भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा और आने वाले मुकाबलों में टीम से और बेहतर नतीजों की उम्मीद की जा रही है।

## व्यापार

# तीन दिन की तेजी के बाद थमी शेयर बाजार की चाल, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**नई दिल्ली**। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति का ऐलान होने के एक दिन पहले आज घरेलू शेयर बाजार गिरावट का शिकार हो गया। इस तरह पिछले तीन दिन से जारी तेजी के सिलसिले पर आज रोक लग गई। आज सेंसेक्स की वीकली एक्सपायरी होने के कारण भी बाजार में बिकवाली का दबाव बना रहा। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.60 प्रतिशत और निफ्टी 0.52 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान डिफेंस, मेटल और आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑयल एंड गैस, पीएसयू बैंक और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में आज खरीदारी होती रही। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 466.53 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 469.16 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.63 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,366 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,726 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,477 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 163 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,910 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 964 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,946 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 4 शेयर बढ़त के साथ और 26 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 60.15 अंक की कमजोरी के साथ 83,757.54 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद बाजार



में बिकवाली शुरू हो जाने के कारण ये सूचकांक गिरता चला गया। हालांकि, खरीदारों ने बीच में कई बार लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, इसके बावजूद बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि सेंसेक्स की स्थिति में अधिक सुधार नहीं हो सका। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर दो बजे के बाद ये सूचकांक 666.07 अंक टूट कर 83,151.62 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिसकी वजह से सेंसेक्स निचले स्तर से 150 अंक से अधिक की रिकवरी कर 503.76 अंक की गिरावट के साथ 83,313.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 20.10 अंक फिसल कर 25,755.90 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में भी गिरावट आ गई। आज के कारोबार में ज्यादातर समय बिकवालों का ही जोर बना रहा, जिसकी वजह से निफ्टी कभी भी रिकवरी कर हरे निशान में नहीं पहुंच सका। बाजार में लगातार जारी बिकवाली की वजह से ये सूचकांक दोपहर दो बजे के करीब 196.50 अंक लुढ़क कर 25,579.50 अंक के स्तर पर तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर लगाया, जिसकी वजह से निफ्टी निचले स्तर से 60 अंक से अधिक की रिकवरी कर 133.20 अंक की कमजोरी के साथ 25,642.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज दिन भर के कारोबार के दौरान स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ट्रेंट लिमिटेड 2.96 प्रतिशत, मैक्स हेल्थकेयर 1.50 प्रतिशत, टाटा स्टील 1.21 प्रतिशत, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.94 प्रतिशत और ओएनजीसी 0.84 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

# सर्राफा बाजार में तेजी जारी, चांदी ने लगाई जोरदार छलांग

**नई दिल्ली**। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। इसी तरह चांदी भी आज मजबूती के साथ कारोबार कर रही है। कीमत में तेजी आने के कारण सोना आज 440 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 480 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। वहीं, चांदी की कीमत में आज 20,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की जोरदार तेजी दर्ज की गई है। सोने की कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,54,420 रुपये से लेकर 1,54,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,41,550 रुपये से लेकर 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में जबरदस्त उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज तीन लाख रुपये



प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,54,570 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,54,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,54,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,420 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,41,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,54,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,54,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# रॉयल एनफील्ड ने बिक्री में किया 1 मिलियन यूनिट्स का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली**। जनवरी 2026 में रॉयल एनफील्ड ने दमदार प्रदर्शन करते हुए मजबूत ग्रोथ दर्ज की है। कंपनी ने वैश्विक स्तर पर 1 मिलियन यानी 10 लाख मोटरसाइकिलों की बिक्री का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं एक्सपोर्ट में भी 1 लाख यूनिट्स का स्तर छू लिया है। रॉयल एनफील्ड का 350सीसी और इससे ऊपर के इंजन वाला व्यापक पोर्टफोलियो लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहा है। हाल ही में पेश की गई नई गोअन क्लासिक 350 ने भी कंपनी की पकड़ को मजबूती दी है। वहीं डिजिटल स्पेस में कंपनी ने क्राफ्टन इंडिया के साथ साझेदारी करते हुए बीजीएमआई के वर्चुअल वर्ल्ड में अपनी लोकप्रिय मोटरसाइकिल बुलेट 350 और कॉन्टिनेंटल जीटी 650 को शामिल किया है, जिससे युवा वर्ग के बीच इसकी ब्रांड वैल्यू और बढ़ी है। जनवरी 2026 में रॉयल एनफील्ड की कुल बिक्री 1,04,322 यूनिट्स रही, जो जनवरी 2025 की 91,132 यूनिट्स की तुलना में 14.47फीसदी अधिक है। महीने-दर-महीने आधार पर यह आंकड़ा दिसंबर 2025 की 1,03,574 यूनिट्स से हल्की बढ़त के साथ ऊपर रहा। सब 350सीसी सेगमेंट ने कंपनी को सबसे ज्यादा



वॉल्यूम दिया, जिसमें 92,998 यूनिट्स की बिक्री के साथ 18फीसदी सालाना बढ़ोतरी दर्ज हुई। हालांकि इस सेगमेंट में महीने-दर-महीने 2.60 फीसदी की मामूली गिरावट देखी गई। बड़े 350सीसी से ऊपर वाले सेगमेंट में 11,324 यूनिट्स बिके, जो सालाना आधार पर 8.06 फीसदी अधिक रहे, जबकि दिसंबर की तुलना में लगभग 40 फीसदी की बड़ी बढ़त दर्ज की गई। घरेलू बाजार में कंपनी ने जनवरी 2026 में 93,781 यूनिट्स बेचीं, जो जनवरी 2025 की तुलना में 15.70 फीसदी की मजबूत वृद्धि है। एक्सपोर्ट में भी 10,541 यूनिट्स के साथ साल-दर-साल 4.57फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# एमजी मोटर इंडिया की कुल 4,843 गाड़ियों की बिक्री दर्ज

**नई दिल्ली**। वर्ष 2026 की शुरुआत जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने सकारात्मक संकेतों के साथ की है। जनवरी 2026 में कंपनी ने कुल 4,843 गाड़ियों की रिटेल बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 9 फीसदी अधिक है। यह वृद्धि मुख्य रूप से एमजी की इलेक्ट्रिक वाहनों और प्रीमियम मॉडल्स की बढ़ती लोकप्रियता के कारण देखी जा रही है। कंपनी का कहना है कि भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग लगातार बढ़ रही है, जिसका सबसे बड़ा लाभ उसे अपनी विंडसर ईवी की सफलता के रूप में मिल रहा है। विंडसर ईवी, एमजी की अब तक की सबसे लोकप्रिय इलेक्ट्रिक कार बन चुकी है। इसकी दमदार रेंज, विशाल इंटीरियर और आक्रामक कीमत ने इसे उपभोक्ताओं के बीच बेहद पसंदीदा बना दिया है। इस



मॉडल ने एमजी की कुल इलेक्ट्रिक बिक्री को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाई है और यह लगातार कंपनी की टॉप-सेलिंग ईवी बनी हुई है। सिर्फ ईवी ही नहीं, पेट्रोल-डीजल यानी आईसीई सेगमेंट में भी कंपनी की पकड़ मजबूत होती दिखाई दे रही है। स्पोर्टी डिजाइन वाली सायबस्टर और लग्जरी एम9 एमपीवी को ग्राहकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, जिससे एमजी का प्रीमियम बाजार में दबदबा और बढ़ रहा है। कंपनी जल्द ही अपनी नई फ्लैगशिप एसयूवी एमजी मजेस्टर को पेश करने वाली है, जिसकी आधिकारिक अनवीलिंग 12 फरवरी 2026 को निर्धारित की गई है। यह मॉडल सीधे टोयोटा फॉर्च्यूनर को चुनौती देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। मजेस्टर में 2.0-लीटर ट्विन-टर्बो डीजल इंजन मिलेगा, जो 213 बीएचपी की पावर और 478 एनएम का टॉर्क प्रदान करने में सक्षम है। इन आंकड़ों से संकेत मिलता है कि एमजी इस सेगमेंट में भी प्रतिस्पर्धा को नया आयाम देने वाली है। नई एमजी हेक्टर को जनवरी में ग्राहकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है, जिससे संकेत मिलता है कि एमजी पारंपरिक इंजन वाली गाड़ियों में भी प्रतिस्पर्धा बनाए रखने को तैयार है। वहीं, कंपनी की प्रीमियम एमजी सेलेक्ट लाइन-अप की मांग में भी तेज़ी देखी गई है।

# आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा 6 फरवरी को सुबह 10 बजे करेंगे मौद्रिक समीक्षा का ऐलान

**मुंबई**। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा 6 फरवरी को सुबह 10 बजे तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के फैसले का ऐलान करेंगे। आर्थिक मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार आरबीआई एमपीसी की बैठक में पॉलिसी दरों रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करेगा। आरबीआई ने गुरुवार को 'एक्स' पोस्ट पर बताया कि रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा 2026 की पहली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 4 से 6 फरवरी तक चलने वाली मौद्रिक समीक्षा बैठक की लाइव टेलीकास्ट बयान सुबह 10:00 बजे से देंगे। लाइव ब्रॉडकास्ट https: // youtube.com/ live / m d K WN13DZTw ?feature=share पर देखें और पॉलिसी के बाद प्रेस कांफ्रेंस दोपहर 12:00 बजे होगी।




इसका लाइव लिंक https:// youtube.com/live/z A TfxVdxXG0 ?feature=share पर आप देख सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने फरवरी, 2025 से लेकर अबतक नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में कुल 125 फीसदी तक की कटौती कर चुका है, जिससे रेपो रेट घटकर 5.25 फीसदी पर आ गया है। जानकारों का कहना है कि महंगाई अब अपने निचले स्तर से दोबारा ऊपर आने लगी है, इसलिए केंद्रीय बैंक और जोखिम लेने से बचेगा और इस बार रेपो रेट को यथावत रखेगा।

# तू या मैं में मेरा किरदार साइड रोल नहीं, कहानी की मजबूत कड़ी है: पारुल गुलाटी




बॉलीवुड और ओटीटी की दुनिया में लगातार अपनी अलग पहचान बना रहीं अभिनेत्री पारुल गुलाटी इन दिनों अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। अभिनय के साथ-साथ एक सफल उद्यमी के तौर पर भी अपनी पहचान रखने वाली पारुल अब थ्रिलर फिल्म तू या मैं में नजर आएंगी। उन्होंने हाल ही में इस फिल्म और अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की है और इसे अपने करियर का एक बेहद खास मौका बताया। फिल्म तू या मैं में पारुल गुलाटी के साथ आदर्श गौरव और शनाया कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिनकी फिल्मों की पहचान भावनाओं, रिश्तों और गहराई से जुड़ी कहानियों के लिए रही है। इस फिल्म में पारुल लायरा नाम का किरदार निभा रही हैं, जो शनाया कपूर के किरदार की करीबी दोस्त और मैनेजर है। फिल्म का हिस्सा बनने पर पारुल ने कहा, आनंद एल राय का सिनेमा मुझे हमेशा से आकर्षित करता रहा है। फिल्म की कहानी नाटकीय होने के साथ-साथ भावनात्मक रूप से शानदार है और दर्शकों को भीतर तक छू जाएगी। पारुल ने अपने किरदार को लेकर बताया, मेरा किरदार लायरा सिर्फ एक दोस्त नहीं है बल्कि एक ऐसा इंसान है जो हर मुश्किल में साथ खड़ी रहती है, सही सवाल पूछती है, जरूरत पडने पर टोकती भी है और बिना शर्त समर्थन करती है। मैं इस किरदार को निभाकर बेहद खुश हूं और अभी भी इस एहसास में डूबी हुई हूं कि मुझे इतना अहम रोल निभाने का मौका मिला है। पारुल ने कहा, लायरा कोई साधारण या साइड कैरेक्टर नहीं है, बल्कि कहानी की भावनात्मक रीढ़ है। यह किरदार फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है। मेरे लिए यह अनुभव इसलिए भी खास है क्योंकि मैं ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहती थी जिनमें किरदारों की गहराई हो और कहानी दिल से जुड़ी हो। इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। आनंद एल राय के साथ काम करने के अनुभव को लेकर पारुल गुलाटी ने कहा, एक कलाकार और एक क्रिएटर के तौर पर इससे बेहतर सहयोग शायद मुझे कभी नहीं मिल सकता था। आनंद एल राय की फिल्में वही सिनेमा हैं, जिनकी ओर मैं हमेशा खिंचती रही हूं। यह एक ऐसा दुर्लभ मौका है, जो जिंदगी में कम ही मिलता है, जहां बड़ी स्क्रीन की भव्यता के साथ-साथ कहानी में दिल और भावना दोनों मौजूद हों। पारुल गुलाटी ने फिल्म की पूरी टीम के प्रति आभार भी जताया। उन्होंने कहा, मैं मेकर्स की शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे लायरा जैसा मजबूत किरदार सौंपा। मेरे लिए एक अनोखी थ्रिलर और क्रिएचर यूनिवर्स का हिस्सा बनना बेहद खास अनुभव है। मैं इस फिल्म को लेकर बहुत खुश, आभारी और उत्साहित हूं और चाहती हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर जरूर देखें।



# मेहरीन पीरजादा ने शादी की अफवाहों पर बताई सच्चाई



एक्ट्रेस मेहरीन पीरज़ादा ने हाल ही में शादी की झूठी खबरों का ज़ोरदार खंडन किया है, और इन बेबुनियाद जानकारियों पर निराशा और गुस्सा ज़ाहिर किया है। एक साफ़ बयान में, मेहरीन ने मीडिया से ज़िम्मेदारी से काम करने की अपील की और ज़ोर देकर कहा कि वह अपनी कोई भी पर्सनल खबर खुद बताएंगी। लगभग दो सालों तक, मेहरीन ने अपनी पर्सनल ज़िंदगी के बारे में बार-बार उड़ रही अफवाहों के बीच चुप रहना पसंद किया। लेकिन हाल ही में एक रिपोर्ट में एक अनजान व्यक्ति को उनका पति बताया गया, जिसके बाद उन्हें सामने आकर बोलना पड़ा। उन्होंने साफ़ किया, मेरी किसी से शादी नहीं हुई है, और इस कहानी को पूरी तरह से झूठा और दुख पहुंचाने वाला बताया। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की और मीडिया आउटलेट्स से झूठी कहानियाँ बनाना बंद करने को कहा। मेहरीन ने ऐसी पर्सनल झूठी बातें फैलाने को गलत बताया और फैंस को भरोसा दिलाया कि सही समय आने पर वह अपनी ज़िंदगी के बारे में अपडेट शेयर करेंगी। उन्होंने कहा, जब मैं शादी करने का फैसला करूंगी, तो मैं खुद दुनिया को बताऊंगी।

# सिनेमाघरों में जल्द ही भौकाल मचाने पूरी तरह तैयार मिर्जापुर: द फिल्म, मुन्ना-गुड्डू की संग छाएगी सचिव जी की दबंगई

मिर्जापुर एक ऐसी वेब सीरीज जिसने ओटीटी की दुनिया में आते ही तहलका मचा दिया और देखते ही देखते एक कल्ट फेनोमेनन बन गई। गालियां, सत्ता की भूख, खून-खराबा और दमदार किरदारों के साथ इस शो ने वो कारनामा कर दिखाया, जो बहुत कम सीरीज कर पाती हैं। दर्शकों से मिले जबरदस्त प्यार और ओटीटी पर इसकी रिकॉर्डतोड़ लोकप्रियता को देखते हुए अब मेकर्स ने इसे बड़े पर्दे पर लाने का फैसला कर लिया है। जल्द ही 'मिर्जापुर: द फिल्म सिनेमाघरों में भौकाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। 'मिर्जापुर: द फिल्म का इंतजार फैंस काफी लंबे समय से कर रहे थे। वेब सीरीज के तीन सफल सीजन के बाद अब दर्शक यह जानने के लिए बेताब हैं कि ओटीटी से सिनेमाघरों तक पहुंचते हुए इस कहानी में क्या नया देखने को मिलेगा। इसी बीच फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। हाल ही में मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर यह कन्फर्म कर दिया है कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। मेकर्स के मुताबिक फिल्म का आखिरी शेड्यूल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है और अब प्रोजेक्ट पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में पहुंच चुका है। यह अपडेट सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। 'मिर्जापुर: द फिल्म को लेकर बज का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह ऑरमैक्स सिनेमैटिक्स की मोस्ट अवेटेड हिंदी फिल्मों की लिस्ट में भी शामिल हो चुकी है। इसका साफ मतलब है कि दर्शक इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं और इसे बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल मेकर्स ने फिल्म की कहानी को लेकर कोई बड़ा खुलासा नहीं किया है। हालांकि, इंडस्ट्री रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म या तो सीरीज़ का प्रीक्वल हो सकती है या फिर उसी टाइमलाइन का एक अहम और बड़ा हिस्सा दिखा सकती है। यह भी कहा जा रहा है कि फिल्म का स्केल वेब सीरीज से कई गुना ज्यादा भव्य होगा। सत्ता की लड़ाई, खून-खराबा और मिर्जापुर की गद्दी के लिए एक नया और और भी खूनी खेल दर्शकों को देखने को मिल सकता है। बड़े पर्दे पर मिर्जापुर की दुनिया को और ज्यादा रॉ, इंटेंस और सिनेमैटिक तरीके से पेश किए जाने की पूरी तैयारी है। फिल्म में 'मिर्जापुर की जान माने जाने वाले किरदार एक बार फिर लौट रहे हैं। पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु शर्मा और अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार फिल्म में अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनके अलावा इस बार कुछ नए चेहरों की भी एंट्री होने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जीतेंद्र कुमार (जीतू भैया) और रवि किशन जैसे पॉपुलर स्टार्स भी फिल्म का हिस्सा होंगे, जो कहानी में नए ट्विस्ट और तड़का लगाने वाले हैं। 'मिर्जापुर: द फिल्म पहले सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी और उसके बाद ही यह अमेज़न प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। मेकर्स का प्लान साफ है, पहले थिएटर में भौकाल और फिर ओटीटी पर दोबारा धमाका। यह फिल्म साल 2026 में रिलीज की जाएगी। फिल्म को मिर्जापुर के ओरिजिनल क्रिएटर पुनीत कृष्ण ने लिखा है, जबकि इसका निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है। गौरतलब है कि 'मिर्जापुर का पहला सीजन 2018 में आया था, दूसरा 2020 में और तीसरा सीजन 2024 में रिलीज हुआ था। तीनों सीजन को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। अब जब 'मिर्जापुर बड़े पर्दे पर आ रही है तो साफ है कि फैंस की निगाहें इसी पर टिकी हैं।




# छोटी सी टू-पीस ड्रेस में अवनीत कौर की कातिलाना अंदाज, कर्वी फिगर पर अटकी फैंस की निगाह

टीवी और बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस अवनीत कौर अपनी स्टाइलिश तस्वीरों से सोशल मीडिया पर हमेशा चर्चा में रहती हैं. एक्ट्रेस का ग्लैमरस अंदाज देखने के लिए फैंस हर बार एक्साइटेड रहते हैं और इस बार भी अवनीत ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट से इंटरनेट का तापमान और बढ़ा दिया है. अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ दिलकश तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं. इन फोटोज में एक्ट्रेस ब्राउन कलर की छोटी टू-पीस ड्रेस में नजर आ रही हैं. आउटफिट में अवनीत ने बेबाकी से अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है, जिसे देखकर फैंस का ध्यान उन पर से हट ही नहीं रहा है. उनकी कॉन्फिडेंस, पोज और फील ने तस्वीरों को और भी शानदार बना दिया है. अवनीत की ये तस्वीरें कुछ ही घंटों में वायरल हो गईं और कमेंट सेक्शन में तारीफों की बरसात शुरू हो गई. अवनीत ने अपने ग्लैमरस लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए ग्लोसी मेकअप, खुले सिल्की बाल और गले में पर्ल नेकलेस पहना है. उनका ये सॉफ्ट और एलिगेंट स्टाइल उनके बोल्ड आउटफिट के साथ एक परफेक्ट कॉन्ट्रास्ट बना रहा है. अवनीत का तस्वीरों में दिया हर एंगल में पोज फैंस को अट्रैक्ट कर रहा है और फैंस उनकी अदाओं पर जैसे फिदा हो गए हो, वो एक्ट्रेस की तारीफ करते हुए कमेंट सेक्शन में खूब प्यार लुटा रहे हैं, हार्ट से लेकर फायर इमोजी शेयर कर रहे हैं, इन तस्वीरें शेयर करते हुए अवनीत कौर ने कैप्शन में लिखा, ब्राउन टोन... और इसके साथ एक ब्राउन हार्ट इमोजी भी बनाई. उनके इस सिंपल कैप्शन ने भी फैंस का ध्यान खींच लिया, जिसे यूजर खूब पसंद कर रहे हैं. अवनीत कौर की इन फोटोज ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है. पोस्ट पर दो लाख से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं और कमेंट्स में लोग उनकी खूबसूरती की जमकर तारीफ कर रहे हैं. उन्हें, गॉर्जियस , स्टनिंग , फायर जैसे कमेंट्स की लाइन लग गई है. काम की बात करें तो अवनीत कौर को हाल ही में बॉलीवुड फिल्म लव इन वियतनाम में एक्टर शांतनु माहेश्वरी के साथ देखा गया था. इसके अलावा वह कई बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ जुड़ी हुई हैं और जल्द ही नए अवतार में दर्शकों को एंटरटेन करती नजर आएंगी.




# ओ रोमियो का नया गाना इश्क का फीवर जारी, अरिजीत सिंह ने लगाए सुर

विशाल भारद्वाज की फिल्म ओ रोमियो रिलीज के लिए तैयार है। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत इस फिल्म के अब तक दो गाने रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें काफी पसंद भी किया गया। अब फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का तीसरा गाना इश्क का फीवर रिलीज किया है, जिसे अरिजीत सिंह ने गाया है। जी हां! अरिजीत सिंह, जिन्होंने हाल ही में प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास की घोषणा की थी, अब एक नया गाना लेकर आए हैं। हालांकि, प्रशंसकों को अरिजीत की आवाज सुनकर खुशी तो हुई, लेकिन साथ ही वे इस बात को लेकर भी चिंतित नजर आ रहे हैं कि कहीं यह उनका आखिरी गाना तो नहीं है। ओ रोमियो के संगीतकार और निर्देशक विशाल भारद्वाज ने अरिजीत की प्लेबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया था। वीडियो में विशाल और अरिजीत के साथ रेखा भारद्वाज भी नजर आ रही हैं, जबकि निर्देशक और संगीतकार इश्क का फीवर गाना गाते हुए दिखाई दे रहे हैं। और अब यह गाना रिलीज हो चुका है! ऐसे में अरिजीत सिंह के फैंस भी इमोशनल हो गए और सिंगर से अपना फैसला वापस लेने की अपील कर रहे हैं। कई ने वीडियो के कमेंट सेक्शन में कमेंट करते हुए सिंगर से वापसी की गुहार लगाते दिखे। अरिजीत सिंह और विशाल भारद्वाज ने हिंदी सिनेमा के कुछ सबसे यादगार गाने एक साथ बनाए हैं, जैसे कि फिल्म हैदर का खुल कभी तो और रंगून का ये इश्क है। उनके गाने अपनी भावनात्मक गहराई के लिए जाने जाते हैं, जिन्हें अक्सर गुलजार लिखते हैं। इस जोड़ी ने 2026 में आई फिल्म ओ रोमियो के हम तो तेरे लिए थे और इश्क का फीवर गानों में भी साथ काम किया है, जिनके रिलीज होने पर फैंस गाने पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। हाल ही में सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान का उनका गाना मातृभूमि रिलीज हुआ है, जिसे उनके फैंस से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। अरिजीत सिंह ने बॉलीवुड को तुम ही हो, चन्ना मेरेया, अगर तुम साथ हो, केसरिया और तुझे कितना चाहने लगे जैसे कई यादगार गाने दिए हैं। भारतीय संगीत जगत में उनके योगदान के लिए उन्हें दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं। वहीं सिंगर ने 27 जनवरी को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए बताया था कि वह प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास ले रहे हैं और उनके इस फैसले ने हर किसी को चौंका दिया था।




# अंगूरी भाभी पर फिदा हुए रवि किशन, 'भाभीजी घर पर हैं—फन ऑन दा रन'' का ट्रेलर रिलीज



लोकप्रिय टीवी शो पर आधारित फिल्म 'भाभीजी घर पर हैं—फन ऑन दा रन' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। शो की तरह ही फिल्म में भी कॉमेडी के साथ हॉरर का तड़का देखने को मिलेगा, जो दर्शकों को भरपूर मनोरंजन देने का वादा करता है। शशांक बाली के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण जी स्टूडियो के बैनर तले किया गया है। ट्रेलर में रोहिताश गौड़, आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे और विदिशा शर्मा के साथ रवि किशन अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं, जो अपनी मौजूदगी से सबसे ज्यादा ध्यान खींचते हैं। करीब 2 मिनट 57 सेकंड लंबा यह ट्रेलर कॉमेडी, हॉरर और ड्रामे से भरपूर है। कहानी अंगूरी भाभी (शुभांगी अत्रे), अनीता भाभी (विदिशा शर्मा) और उनके नए आशिकों के इर्द-गिर्द घूमती है। गुंडों के अवतार में रवि किशन और मुकेश तिवारी नजर आते हैं, जो भाभियों से शादी करने के लिए उतावले दिखाई देते हैं, जिससे कहानी में मजेदार मोड़ आते हैं। फिल्म में टीवी शो के लगभग सभी चर्चित किरदार देखने को मिलेंगे, जिनमें सक्सेना और दरोगा हप्पू सिंह भी शामिल हैं। ट्रेलर से साफ है कि फिल्म में वही पुराना हास्य, हल्का-फुल्का डर और जबरदस्त मनोरंजन बरकरार रखा गया है। 'भाभीजी घर पर हैं—फन ऑन दा रन' 6 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# अक्षय कुमार व्हील ऑफ फॉर्च्यून से टीवी पर वापसी को तैयार, शो का प्रोमो जारी




बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार हर साल अपनी फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं। इस बार वह टीवी पर भी यह जिम्मेदारी उठाते दिखेंगे क्योंकि उनका नया गेम शो व्हील ऑफ फॉर्च्यून आ रहा है। काफी समय से चर्चा बटोर रहा यह रियलिटी शो इसी महीने यानी, जनवरी में अपनी स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। निर्माताओं ने शो का प्रोमो और स्ट्रीमिंग तारीख जारी कर दी है। यह क्लासिक शब्द खेल हैंगमैन पर आधारित है। व्हील ऑफ फॉर्च्यून के प्रोमो के साथ कैप्शन दिया गया, किस्मत आपकी, पैसा चैनल का... और ढेर सारी मस्ती मेरी तरफ से। अक्षय ने होस्ट की जिम्मेदारी संभाली है जो प्रतियोगियों को पुरस्कार राशि जीतने का मौका देंगे। खेल के दौरान एक बड़ा पहिया घुमाकर शब्दों की पहेलियों को सुलझाना होगा। यह शो 27 जनवरी से सोनी लिव और सोनी टीवी पर रात 9 बजे प्रसारित होगा। खतरों के खिलाड़ी होस्ट कर चुके अभिनेता की टीवी वापसी से प्रशंसक उत्साहित हैं।

# Light India Project Expands Jobs and Skills in Power Transmission Sector

DB Reporter



**Godda :** Adani Group's new initiative, the Light India Project, is opening fresh avenues for employment while strengthening India's power transmission infrastructure. The project focuses on training skilled manpower required for electricity transmission work, particularly in the installation of high-voltage transmission towers. The initiative has been launched near the Adani Power Project site in Godda district of Jharkhand.

Until now, Adani Energy Solutions Limited has played a major role in expanding electricity networks and ensuring power reaches households across the country. With the Light India Project, the company has taken an additional step by addressing a critical challenge faced by the sector—the shortage of trained field workers. The project aims to equip thousands of youth with specialized skills, enabling faster electrification and improved livelihood opportunities.

Transmission tower installation is one of the most essential and technically demanding aspects of power distribution. These towers carry high-tension lines across vast and challenging terrains, including agricultural land, forests, rivers, highways, and remote areas. The work requires trained teams, commonly known as "gangs," each consisting of 30 to 35 workers. At present, there are only around 600–650 such gangs across India, involving approximately 18,000 to 20,000 workers.With rapid growth in power transmission infrastructure over the past few years, the existing workforce has proven insufficient. Industry estimates suggest that the current manpower is nearly half of what is required to meet project timelines. As a result, several transmission projects are facing delays due to the lack of skilled workers.The Light India Project seeks to bridge this gap by offering structured training to new entrants. Tower installation work demands special expertise, as workers often operate at heights ranging from 40 to 70 meters, and sometimes even higher. More than 90 percent of the existing workforce in this field comes from West Bengal, Bihar, and Jharkhand. Traditionally, skills were passed down informally by senior workers, often within families or local communities, limiting the expansion of the workforce.

Under the Light India Project, trainees undergo a three-month residential training program. The company bears the full cost of accommodation, meals, and technical training.

## Husband Responsible for Maintenance of Child Born from Pre-Marital Relationship

*Chhattisgarh High Court's Major Decision in Divorce Case*



**Bilaspur, Agency:** In a significant ruling, the Chhattisgarh High Court has stated that the husband is responsible for the maintenance of a child born from a pre-marital relationship.

A single bench of Chief Justice Ramesh Sinha clarified in its order that under Section 125 of the CrPC, a child born from a pre-marital relationship also has the right to receive maintenance from the father.

The main objective of this law is to prevent destitution and homelessness in society. This case pertains to a young man from Bemetara district, who got married in April 2016. The Gauna ceremony (a post-marriage ritual) took place in May 2016, after which the wife came to her in-laws' house.

Just five months after the Gauna ceremony, in October 2016, the wife gave birth to a child. The husband alleged that there were no physical relations between them before the Gauna ceremony, and therefore, the child was not his. Due to this dispute, the husband filed a divorce case in the Family Court. The Family Court granted the husband a divorce on the condition that he would pay the wife one thousand rupees per month for the child's maintenance.

## What did Ajit Pawar say on his last phone call before his death in the plane crash? NCP releases audio





**Pune, Agency:** The Nationalist Congress Party (NCP) has released an audio recording of Ajit Pawar's last phone conversation before his death in a plane crash last week. Ajit Pawar had spoken to party member Shrijit Pawar before taking off from Mumbai to Baramati.

In his last conversation, Ajit Pawar gave a message of unity and equality, emphasizing the need to take all religions and castes along. Recounting the call, Shrijit Pawar said that he had sent a message to Ajit Pawar, affectionately called Dada in Maharashtra politics, and as soon as he came into a network coverage area, he called him back.

He said, "Ajit Dada and I are from the same village. I had sent him a message regarding a specific matter.

## Woman attacked by Rottweiler in Bengaluru, receives over 80 stitches

**Bengaluru, Agency:** A 31-year-old woman in Bengaluru was attacked by a Rottweiler dog. The attack resulted in serious injuries to the woman's face and neck. The injured woman underwent an almost eight-hour-long surgery. Police have registered a case against the dog's owner.

According to the police, the incident occurred on January 26 when Shalini Dubey, a resident of Teachers Colony in HSR Layout, went for a morning walk near her home. CCTV footage of the incident shows the dog running towards the woman on the street, knocking her down, and repeatedly biting her face and neck.

The woman's family alleged that the dog's owner had left it unleashed on the street. The dog was also not wearing a muzzle. Shalini's husband, Satyaprakash Dubey, said that Shalini suffered deep wounds to her face, throat, and head in the attack. She received more than 80 stitches. Her surgery lasted eight hours. She is currently hospitalized.

Satyaprakash said that the incident occurred at 6:50 am on January 26 when Shalini was returning from her



walk. He said that if the owner could not control such a large dog, it should never have been left unleashed. It is the owner's responsibility to follow safety regulations in public places and keep the dog on a leash and muzzled. He said that his wife is in deep shock. According to the doctors, the scars on her face and body will remain for life. Following the complaint, a case has been registered against the dog's owner, Amaresh Reddy, and he has been taken into custody.

## Madhya Pradesh to become the first state to offer Unani medicine education in Hindi; curriculum prepared

**Bhopal, Agency:** After Allopathy, Unani medicine will now also be taught in Hindi in Madhya Pradesh. For this purpose, the AYUSH department has translated Urdu textbooks into Hindi. There are seven subjects in the first year of the Bachelor of Unani Medicine and Surgery (BUMS) program. Textbooks for five of these subjects have been translated. The books for the remaining two subjects are in Urdu and Arabic.

The textbooks for Anatomy and Physiology were translated by the Medical Education Department. The curriculum for Unani medicine is the same, so these translated books will be used here as well.It is worth noting that the initiative to offer MBBS courses, teaching, and examinations in Hindi also orig-

# Gaming addiction, parental scolding; 3 sisters jump from 9th floor in Ghaziabad

**Ghaziabad, Agency.** Three minor sisters jumped to their deaths from the 9th floor of a building in a society in the Tila Mod police station area of ??Ghaziabad, Uttar Pradesh, bordering Delhi. The tragic incident occurred at 2 am on Wednesday in Tower B-1 of Bharat City Township. The incident caused a stir in the society. The police immediately rushed the three girls to the Loni Joint Hospital, where doctors declared them dead. The police have sent the bodies for post-mortem and started an investigation into the incident. It is being said that the three sisters were addicted to playing online games, due to which their parents often scolded them.

According to the information, the deceased have been identified as Pakhi (12), Prachi (14) and Vishika (16). Police investigation revealed that the window of the prayer room in the flat was often left open. The three sisters climbed onto a chair to reach the window and jumped down one by one.

According to the police, the three girls were severely addicted to playing games on their mobile phones. They allegedly played a Korean love gaming app, which is a task-based game. These three sisters were very close to each other and did everything together, from bathing and eating to sleeping. They had stopped going to school since the COVID-19 pandemic. Surprisingly, the eldest sister (16 years old) is still said to be a student of class 4. Their parents often reprimanded them for theAir gaming habits and daily routine, which made them unhappy. Suicide Note and Police Investigation

ACP Shalimar Garden, Atul Kumar Singh, stated that on February 4, 2026, at approximately 2:15 AM, the police received information via PRV (Police Response Vehicle) about three girls jumping from the balcony of flat number 907 on the 9th floor of Tower B-1 in Bharat City, located in the Tila Mod area, and dying on the spot.

## BJP spokesperson Shehzad Poonawalla's mother hit by a car in Pune, driver absconding

**Pune, Agency:** The mother of BJP national spokesperson Shehzad Poonawalla was involved in an accident in Pune. She was injured in the incident. Regarding this incident, Shehzad Poonawalla has claimed that his mother was deliberately hit by the car.

## Abu Salem gets a clear message from the High Court: No parole if you can't pay for security



**Mumbai, Agency:** The Bombay High Court on Tuesday indicated that it is not inclined to grant parole to jailed underworld don Abu Salem to visit his hometown in Uttar Pradesh, as his lawyer has expressed inability to pay the police security charges.

A division bench of Justices Ajay Gadkari and Shyam Chandak made it clear that it cannot negotiate the security charges of over Rs 17 lakh. Salem, who is serving a 25-year sentence in the 1993 Mumbai bomb blasts case, has sought parole to visit his ancestral place in Azamgarh district to mourn the death of his brother, Abu Hakim Ansari.

The court had earlier suggested that he could avail of parole under police protection after paying the necessary charges himself. On Tuesday, his lawyer Farhana Shah informed the court that the security charges were exorbitant. Her client has been in jail for years. His financial condition is very poor.

# No Entry for These Vehicles for 4 Hours Every Evening in Raj Nagar Extension, Ghaziabad

**Ghaziabad, Agency:** A meeting was held on Tuesday between the traffic police and officials of the transport union in Ghaziabad to improve the traffic system. It was decided that commercial vehicles will be restricted for 4 hours daily in Raj Nagar Extension. The meeting, held at the police lines, discussed issues related to the movement of heavy vehicles, traffic congestion, and commercial activities.



The meeting, chaired by Additional CP Traffic and Law and Order Alok Priyadarshi, specifically discussed the problem of traffic jams and accidents caused by the uncontrolled movement of heavy vehicles in the Raj Nagar Extension area. Suggestions were also sought from the transport union regarding options for restricting the movement of heavy commercial vehicles from Sajan Mod to Chaudhary Mod and then to Ghaziabad Railway Station.

During the discussion, the transport union officials presented their suggestions. After serious consideration of all aspects, it was agreed that the movement of all types of commercial vehicles will be restricted between Nagdwar and Raj Nagar Residency U-turn every day from 5 PM to 9 PM. This decision is expected to provide relief from traffic congestion during peak hours.

The Additional CP said that it was also agreed to hold talks with railway officials to find a practical solution regarding the movement of heavy vehicles from Sajan Mod to Chaudhary Mod and then to the railway station. A separate decision will be taken on this matter later.

Meanwhile, to make emergency services more effective, Ghaziabad police have received 10 new two-wheeler PRV (Police Response Vehicle) vehicles in the second phase. ADCP Crime and Protocol Piyush Singh said that 10 two-wheeler PRV vehicles have been allotted to Ghaziabad under the UP-112 project. The purpose of these vehicles is to ensure quick access even in narrow lanes, crowded markets, and traffic-congested areas, so that callers and victims can receive timely assistance. On Tuesday, during a ceremony held at the Reserve Police Lines, all ten of these two-wheeler PRV (Police Response Vehicle) units were flagged off and dispatched to various police station areas. ACP Traffic and UP-112 in-charge Ziauddin Ahmed were present on the occasion. The ADCP Protocol stated that the inclusion of these two-wheeler PRV vehicles will further strengthen the emergency services of UP-112. Especially in cases of accidents, crimes, medical emergencies, and matters related to women, the police response will be faster than ever before.